वर्ष 24, अंक 269, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 8 अप्रैल 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## बंगाल चुनाव से पहले 90 लाख मतदाता वोटर लिस्ट से बाहर

### इलेक्शन कमीशन ने जारी किया डाटा



**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम बंगाल** की राजनीति इस बार एक ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ी है। वर्षों से जिस सवाल को दबाया जाता रहा, जिस पर चर्चा होते ही सियासत गर्म हो जाती थी, अब उसी मुद्दे पर निर्णायक कार्रवाई हुई है। विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर की प्रक्रिया ने राज्य की चुनावी तस्वीर पूरी तरह बदल दी है। करीब नब्बे लाख नामों का मतदाता सूची से हटाया जाना साफ संदेश है कि अब चुनावी व्यवस्था में ढील नहीं चलेगी। देखा जाये तो दशकों बाद पश्चिम बंगाल में ऐसा विधानसभा चुनाव होने जा रहा है जिसमें केवल वही लोग मतदान करेंगे जो वास्तव में इसके पात्र हैं।
पहले स्थिति यह थी कि मतदाता सूची पर लगातार सवाल उठते थे। आरोप लगते थे कि बाहरी लोग, अवैध घुसपैठिये और अपात्र व्यक्ति भी वोटर सूची में शामिल हो जाते हैं। इससे न केवल चुनाव की निष्पक्षता प्रभावित होती थी बल्कि असली मतदाताओं का अधिकार भी कमजोर होता था। एसआईआर ने इसी कमजोरी पर सीधा प्रहार किया है।
आंकड़े खुद इसकी गवाही दे रहे हैं। फरवरी तक ही साठ लाख से अधिक नामों की पहचान कर उन्हें जांच के दायरे में लाया गया। बाद में गहन जांच और न्यायिक प्रक्रिया के बाद करीब सत्ताईस लाख नामों को हटाया गया, जबकि जिन लोगों के दस्तावेज सही पाए गए उन्हें सूची में बरकरार रखा गया। यह दिखाता है कि प्रक्रिया मनमानी नहीं बल्कि ठोस आधार पर हुई है।
तार्किक विसंगति श्रेणी में रखे गए मामलों पर खास ध्यान दिया गया। करीब पैंतालीस प्रतिशत मामलों में नाम हटाने का फैसला इस बात का संकेत है कि बड़ी संख्या में ऐसे लोग सूची में शामिल थे जिनकी पात्रता संदिग्ध थी। अगर यह प्रक्रिया नहीं होती तो यही लोग चुनाव के नतीजों को प्रभावित कर सकते थे।
सबसे अहम बात यह है कि पूरी प्रक्रिया न्यायिक निगरानी में हुई। उच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त अधिकारियों ने हर मामले की सुनवाई की। अपील के लिए अलग से न्यायाधिकरण बनाए गए हैं। यानी किसी भी व्यक्ति के साथ अन्याय न हो, इसके लिए पूरी व्यवस्था बनाई गई है।
यह कहना गलत नहीं होगा कि इस बार चुनाव आयोग ने केवल सूची संशोधन नहीं किया, बल्कि चुनावी व्यवस्था को साफ करने का बड़ा अभियान चलाया है। जिला स्तर पर आंकड़े सार्वजनिक किए गए, हर चरण को पारदर्शी बनाने की कोशिश की गई और प्रक्रिया को नियमों के अनुसार आगे बढ़ाया गया।
मुर्शिदाबाद और मालदा जैसे जिलों में जहां सबसे अधिक संदिग्ध मामले सामने आए, वहां विशेष सतर्कता बरती गई। यह वही इलाके हैं जहां लंबे समय से घुसपैठ को लेकर चर्चा होती रही है। अब पहली बार इन इलाकों में भी सख्त कार्रवाई का असर दिख रहा है।
मतदान की तारीखें तय हैं और पहले चरण की मतदाता सूची अब पूरी तरह स्थिर हो चुकी है। इसका मतलब साफ है कि अब किसी भी तरह की हेरफेर की गुंजाइश नहीं बची है। जो नाम सूची में हैं, वही मतदान करेंगे और जो हटाए गए हैं, वह इस बार प्रक्रिया का हिस्सा नहीं बन पाएंगे।
यह फैसला भले कुछ लोगों को कठोर लगे, लेकिन लोकतंत्र की मजबूती के लिए यह जरूरी था। अगर मतदाता सूची में ही गड़बड़ी हो तो चुनाव की पूरी प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो जाते हैं। एसआईआर ने इस बुनियादी समस्या को दूर करने का काम किया है।
इस दौरान तकनीकी चुनौतियां जरूर आईं, जैसे डिजिटल हस्ताक्षर में देरी या आदेश अपलोड करने में समस्या, लेकिन इन सबके बावजूद प्रक्रिया को समय सीमा में पूरा करना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। यह दिखाता है कि प्रशासनिक इच्छाशक्ति मजबूत थी। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में मामला विचाराधीन है, लेकिन अब तक जो तथ्य सामने आए हैं, वे यही बताते हैं कि प्रक्रिया नियमों के अनुरूप और व्यवस्थित ढंग से पूरी की गई है। आगे भी अगर कोई सुधार की जरूरत होगी तो वह कानूनी दिशा निर्देशों के अनुसार होगा।
सबसे बड़ा संदेश यही है कि अब पश्चिम बंगाल में चुनाव केवल संख्या का खेल नहीं रहेगा, बल्कि यह वास्तविक मतदाताओं की भागीदारी का उत्सव बनेगा। दशकों बाद ऐसा मौका आया है जब घुसपैठ या अपात्रता के आरोपों से परे जाकर चुनाव कराए जा रहे हैं। बहरहाल, यह बदलाव केवल एक राज्य तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश के लिए एक मिसाल बन सकता है। अगर इसी तरह मतदाता सूची को शुद्ध किया जाए तो लोकतंत्र और मजबूत होगा और जनता का भरोसा भी बढ़ेगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि पश्चिम बंगाल अब एक नए चुनावी अध्याय की ओर बढ़ रहा है, जहां मतदाता सूची पर भरोसा ज्यादा मजबूत है और प्रक्रिया ज्यादा सख्त। यही इस बार के चुनाव की सबसे बड़ी कहानी है।

## सीएम साय ने पीएम मोदी को सौंपा बस्तर का 'विजन 2047'

### नक्सलवाद का अंत, विकास की अनंत उड़ान!



**छत्तीसगढ़**

**छत्तीसगढ़** के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर बस्तर के भविष्य की एक नई तस्वीर पेश की. इस मुलाकात में मुख्यमंत्री ने न केवल नक्सलवाद के अंत के बाद प्रदेश में आई शांति के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया, बल्कि बस्तर के समग्र विकास का एक विस्तृत और दूरदर्शी ब्लूप्रिंट भी सौंपा. साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री को मानसून के बाद बस्तर आने का आमंत्रण दिया, जहां उनकी मौजूदगी में कई बड़ी परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण प्रस्तावित है.
उन्होंने बताया, "बस्तर समेत पूरे राज्य में नक्सलवाद समाप्त हो चुका है और अब शांति स्थापित है. शिक्षा व स्वास्थ्य सुधार के तहत नए एजुकेशन सिटी, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज बनाए जा रहे हैं, जबकि इंद्रावती नदी पर बैराज, रेल लाइन और एयरपोर्ट विस्तार से कनेक्टिविटी मजबूत हो रही है. मुख्यमंत्री ने कहा कि इस ब्लूप्रिंट के जरिए बस्तर में अब विकास, रोजगार और बेहतर सुविधाओं का नया दौर शुरू होगा."

**बस्तर में नक्सलवाद के बाद विकास और नई उम्मीद की शुरूआत**

मुख्यमंत्री ने अपने विकास दस्तावेज में उल्लेख किया कि एक दशक पहले प्रधानमंत्री द्वारा बस्तर के लिए देखा गया शांति और विकास का सपना अब जमीन पर साकार हो रहा है।
नक्सलवाद खत्म होने के बाद अब लोगों में डर नहीं, बल्कि उम्मीद और विकास की नई चमक है।

## ईरान के 'ऑयल हब' खार्ग आइलैंड पर भीषण हमला

### ट्रंप की डेडलाइन से पहले भड़की जंग, खाड़ी में हाहाकार



**ईरान**

**ईरान** के सबसे महत्वपूर्ण तेल ठिकाने 'खार्ग आइलैंड' पर ताबड़तोड़ हमले किए गए. यह हमला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा दी गई उस डेडलाइन के खत्म होने से ठीक पहले हुआ है, जिसमें उन्होंने ईरान को 'हॉर्मुज जलडमरूमध्य' खोलने के लिए बुधवार सुबह 5:30 बजे (भारतीय समयानुसार) तक का वक्त दिया था. इन हमलों के बाद ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने खुली चेतावनी देते हुए कहा है कि अब उनके 'धैर्य की सीमा समाप्त' हो गई है.
ईरान की न्यूज एजेंसी 'मेहर' के मुताबिक, खार्ग आइलैंड पर स्थित तेल निर्यात केंद्र को इन हमलों में भारी नुकसान पहुंचा है. बता दें कि यह टापू ईरान के लिए रीढ़ की हड्डी जैसा है, क्योंकि ईरान का 90 प्रतिशत कच्चा तेल यहीं से दुनिया भर में भेजा जाता है. यहाँ करीब 3 करोड़ बैरल तेल जमा करने की क्षमता है. इस हमले के बाद अब पूरी दुनिया में कच्चे तेल की सप्लाई रुकने का खतरा पैदा हो गया है.

**ईरान की जवाबी धमकी: 'सब कुछ राख कर देंगे'**

हमले से बौखलाई ईरानी सेना ने अमेरिका और उसके सहयोगी देशों को सीधे शब्दों में चेतावनी दी है. ईरान ने कहा है कि वह अब अमेरिका के करीबियों के गैस और तेल ठिकानों को निशाना बनाएगा और पूरे क्षेत्र में ईंधन की सप्लाई को सालों के लिए ठप कर देगा. उन्होंने साफ कहा कि अगर ईरान की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया, तो मिडिल ईस्ट के अन्य देशों के ऊर्जा ठिकाने "राख के ढेर" में बदल दिए जाएंगे.

**डोनाल्ड ट्रंप का कड़ा रुख और 48 घंटे की मोहलत**

यह तनाव तब और बढ़ गया जब राष्ट्रपति ट्रंप ने पिछले हफ्ते कहा था कि अमेरिकी सेना इस द्वीप पर कब्जा कर सकती है. रविवार को एक तीखे बयान में ट्रंप ने ईरान को फटकार लगाते हुए 48 घंटे के भीतर हॉर्मुज जलडमरूमध्य का रास्ता साफ करने की डेडलाइन दी थी. इससे पहले भी अमेरिका ने खार्ग आइलैंड के मिलिट्री ठिकानों और मिसाइल बंकरों पर हमले किए थे, लेकिन तब तेल के कुओं को छोड़ दिया गया था.

**सीजफायर प्लान को ईरान ने ठुकराया**

ये हमले ऐसे समय में हुए हैं जब पिछले 6 हफ्तों से चल रही इस जंग को रोकने के लिए अमेरिका ने एक नया युद्धविराम प्रस्ताव रखा था, जिसे ईरान ने सिरे से खारिज कर दिया. ईरान का कहना है कि वह झुकने वाला नहीं है.

**क्यों खास है 'खार्ग आइलैंड'?**

ईरान के तट से करीब 16 मील दूर स्थित इस द्वीप को "फॉरबिडन आइलैंड" (प्रतिबंधित द्वीप) भी कहा जाता है क्योंकि यहाँ सुरक्षा का कड़ा पहरा रहता है. यह हॉर्मुज जलडमरूमध्य से करीब 300 मील दूर है और पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था इस द्वीप से होने वाली तेल सप्लाई पर निर्भर करती है।

## घुसपैठियों का गढ़ नहीं बनने देंगे- अमित शाह



**असम**

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को असम के पथारकंडी में एक रैली के दौरान कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राज्य को घुसपैठियों से प्रभावित क्षेत्र नहीं बनने देगी। उन्होंने मतदाताओं से भाजपा सरकार का समर्थन करने का आग्रह किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सीधे संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि मैं आज यहीं से यह घोषणा करता हूं, और राहुल बाबा, इसे ध्यान से सुनिए, हम असम को घुसपैठियों का गढ़ नहीं बनने देंगे। उन्होंने विपक्ष पर वोट बैंक की राजनीति का आरोप लगाया।
शाह ने कहा कि भाजपा ने घुसपैठियों की पहचान कर ली है और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई का वादा किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को चुनिए। हमने घुसपैठियों की पहचान कर ली है। अब समय आ गया है कि उन्हें एक-एक करके बाहर निकाला जाए। उन्होंने आगे कहा कि अगर असम, पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारें सत्ता में आती हैं तो घुसपैठ बंद हो जाएगी।
पार्टी के सांस्कृतिक एजेंडे पर विस्तार से चर्चा करते हुए शाह ने कहा कि केवल भाजपा में ही करीमगंज का नाम बदलकर 'श्रीभूमि' करने का संकल्प है, साथ ही उन्होंने कांग्रेस की इस बात के लिए आलोचना की कि वह राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए घुसपैठियों पर निर्भर है।

## संकट के बीच सरकार का बड़ा बयान, देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं



**नई दिल्ली**

**सरकार** ने कहा है कि देशभर में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और प्राकृतिक गैस (पीजी) की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। आज नई दिल्ली में पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रमों पर अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि किसी भी एलपीजी वितरक केंद्र पर पेट्रोल की कमी की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से चल रहे हैं और पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है, तथा किसी भी प्रकार की कमी की सूचना नहीं मिली है।
सुजाता शर्मा ने कहा कि एलपीजी सिलेंडरों की डिलीवरी भी सुचारू रूप से जारी है और ऑनलाइन एलपीजी बुकिंग लगभग 96% तक बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि कुल वाणिज्यिक एलपीजी आवंटन संकट-पूर्व स्तर के लगभग 70% तक बढ़ा दिया गया है।

## असम चुनाव: कांग्रेस के सहयोगी दल का बड़ा बयान



**नई दिल्ली**

**कांग्रेस** की सहयोगी पार्टी शिवसेना (यूबीटी) ने असम चुनाव का जिक्र करते हुए बड़ी बात कह दी. पार्टी के प्रवक्ता आनंद दुबे ने कहा कि असम का चुनाव इंडिया गठबंधन बहुत अच्छे तरीके से लड़ रही है. लेकिन पवन खेड़ा जैसे नेताओं ने अपने बड़बोलेपन की वजह से इस चुनाव में कहीं न कहीं कांग्रेस को नुकसान पहुंचा दिया है. उन्होंने पूछा कि क्या जरूरत है किसी मुख्यमंत्री की पत्नी के बारे में ये कहना कि उनके पास तीन पासपोर्ट हैं? ये तो हो ही नहीं सकता. इस देश के नागरिक के पास एक ही भारत का पासपोर्ट होता है.

**'पासपोर्ट वाला विषय लाना ही नहीं चाहिए था'**

आनंद दुबे ने कहा, "क्या जरूरत है इन सब विषयों को बोलने की? कांग्रेस में जब तरुण गोगोई मुख्यमंत्री थे, उन्होंने क्या किया, ये सब बताना चाहिए. कैसे ये सरकार लोगों को तकलीफ दे रही है, कैसे भाईचारे का नष्ट किया जा रहा है, कैसे असम को पीछे कर दिया गया है, वो उस पर बात करनी चाहिए. ये पासपोर्ट वाला विषय लाना ही नहीं चाहिए था."
शिवसेना नेता आनंद दुबे ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के बयान पर कहा, "असम का चुनाव अच्छा चल रहा है लेकिन पवन खेड़ा जैसे नेताओं ने अपने बड़बोलेपन की वजह से इस चुनाव में कांग्रेस की छवि को नुकसान पहुंचाया है... पासपोर्ट वाला विषय लाना ही नहीं चाहिए

**'इन सब विषयों का जनता से कोई लेना-देना नहीं'**

इसके आगे उन्होंने कहा, "पवन खेड़ा और हिमंत बिस्वा सरमा ने इस चुनाव को व्यक्तिगत बना दिया है. जबकि ये चुनाव कांग्रेस बनाम बीजेपी होना चाहिए।

## दिल्ली में शुरू हुआ 12वां इंडिया रबर एक्सपो 2026, मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन




**नई दिल्ली**

**दिल्ली** की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भारत मंडपम में आयोजित 12वें इंडिया रबर एक्सपो 2026 के उद्घाटन किया। इस चार दिन की प्रदर्शनी में देश-विदेश से कई प्रतिनिधियों आए। इस महाकुंभ को एशिया की सबसे बड़ी रबर प्रदर्शनी माना जा रहा है, जो भारतीय रबर क्षेत्र को वैश्विक मानचित्र पर नई ऊंचाइयों पर ले जाने का काम करेगी. ~~कमए~~ 2026 केवल घरेलू नहीं, बल्कि एक अंतरराष्ट्रीय मंच है.
मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, "प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों ने भारत को एक सशक्त विनिर्माण राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है. उन्होंने बताया कि रबर उद्योग इस बढ़ती औद्योगिक शक्ति का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बनकर उभर रहा है।

## योगी आदित्यनाथ का बड़ा कदम! प्रदेश में सभी कृषि योजनाओं से जोड़ी जाएगी फार्मर रजिस्ट्री



**उत्तर प्रदेश**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा," प्रदेश के किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ सुगमता, पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अत्यंत महत्वपूर्ण है. उन्होंने निर्देश दिए कि फार्मर रजिस्ट्री को सभी कृषि एवं विभागीय योजनाओं से जोड़ा जाए, ताकि पंजीकृत किसानों को गेहूं क्रय, दलहनी एवं तिलहनी फसलों की खरीद के साथ-साथ बीज, उर्वरक, कृषि रक्षा रसायन, कृषि यंत्रों एवं अन्य योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से प्राप्त हो सके."
सोमवार को आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा, "सभी जिलों में फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया को अभियान के रूप में तेजी से पूर्ण कराया जाए. उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में विशेष कैम्प आयोजित कर किसानों को रजिस्ट्री से संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान उपलब्ध कराया जाए. इस कार्य में राजस्व विभाग, कृषि विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी समन्वित रूप से कार्य करें."

**सभी किसानों को रजिस्ट्री में शामिल करने की पहल**

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा, "प्रदेश के सभी कृषकों, चाहे उनकी जोत छोटी हो या बड़ी को फार्मर रजिस्ट्री के लिए प्रोत्साहित किया जाए, ताकि वे सभी योजनाओं का अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकें. उन्होंने व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए, जिससे प्रत्येक पात्र किसान इस प्रक्रिया से जुड़ सके और उसे योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके."
बैठक में कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश एसपी गोयल, मुख्य ज्ञान अधिकारी, भारत सरकार राजीव चावला, प्रमुख सचिव कृषि रविन्द्र, प्रमुख सचिव राजस्व अपर्णा यू तथा निदेशक कृषि डॉ. पंकज त्रिपाठी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे.

**फार्मर रजिस्ट्री की समयसीमा और लक्ष्य**

फार्मर रजिस्ट्री के लिए 15 अप्रैल तक ग्राम सचिवालयों में शिविर लगाकर किसानों का पंजीकरण कराया जाएगा. प्रदेश में 2.88 करोड़ किसानों की रजिस्ट्री तैयार होनी है, परंतु फिलहाल 1,72,06,355 किसानों का ही पंजीकरण हुआ है. शिविरों में शेष किसानों का पंजीकरण किया जाएगा।

## योगी ने आजमगढ़ में दुग्ध अवशीतन केंद्र का किया शुभारंभ, महिला सशक्तिकरण पर दिया जोर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आजमगढ़ में बाबा गोरखनाथ कृपा दुग्ध उत्पादक संस्था के नवनिर्मित दुग्ध अवशीतन केंद्र का शुभारंभ किया.
इस दौरान उन्होंने कहा, "पहले आजमगढ़ के नाम पर लोगों को होटल या धर्मशाला में कमरा तक नहीं मिलता था, लेकिन आज स्थिति बदल चुकी है. अब कोई रोकने-टोकने वाला नहीं, बल्कि स्वागत करने वाला है."
उन्होंने अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण का उल्लेख करते हुए पूछा कि क्या यह कार्य पूर्व की सरकारें कर पातीं, जो रामभक्तों पर गोली चलाने का काम करती थीं. मुख्यमंत्री ने डबल इंजन सरकार की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए बदलावों का जिक्र करते हुए उत्तर प्रदेश को विकास, सम्मान और आस्था के नए दौर का प्रतीक बताया. समाजवादी पार्टी पर कड़ा प्रहार करते हुए सीएम ने कहा, "सैफई तक विकास कार्य को सीमित रखने वाली इस पार्टी को आजमगढ़ नहीं दिखाई देता, जो बार-बार उसके प्रत्याशी को जिताता है."

**महिलाओं की आत्मनिर्भर से मजबूत होगा राष्ट्र -सीएम योगी**

सीएम योगी ने कहा, "मैं मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी की अध्यक्ष नीरज तथा उनसे जुड़ी 56 हजार से अधिक बहनों का हृदय से अभिनंदन करता हूं कि उन्होंने वह कर दिखाया, जो दूसरों के लिए असंभव प्रतीत होता है. जब एक महिला आत्मनिर्भर बनती है तो पूरा परिवार आत्मनिर्भर होता है, और ऐसे ही आत्मनिर्भर परिवार समाज की मजबूत कड़ी बनते हैं."
उन्होंने कहा, "जब ये कड़ियां आपस में जुड़ती हैं तो राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव तैयार होती है और विकसित भारत का सपना साकार होता है. आज ऐसे प्रोड्यूसर मॉडल और महिलाओं का आत्मनिर्भर बनना अत्यंत आवश्यक है, और इसी प्रेरक परिवर्तन को अपनी आंखों से देखने के लिए मैं आज विशेष रूप से आजमगढ़ आया हूं।

# मांडा में आंधी-बारिश से मकान गिरने से महिला की मौत





## फसलें बर्बाद, ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त; किसानों ने मांगी क्षतिपूर्ति

**अखंड भारत संदेश**

**मांडा।** क्षेत्र में रविवार को आई तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से भारी नुकसान हुआ। इस प्राकृतिक आपदा में एक महिला की मौत हो गई, जबकि किसानों की फसलें बर्बाद हो गईं और कई घरों व संपत्तियों को क्षति पहुंची।

टंगहा गांव में जंगीलाल पटेल की पत्नी राजकुमारी की मकान गिरने से मलबे में दबकर मौत हो गई। यह घटना आंधी और बरसात के कारण हुई।

तेज हवा, बरसात और ओले से किसानों की गेहूं और सरसों की पकी फसलें खेतों में बिछ गईं। खलिहानों में रखी गेहूं और सरसों की फसलें पानी से भीग गईं, वहीं भूसा हवा में उड़ गया। इस बार आम की अच्छी उपज की उम्मीद थी, लेकिन तेज हवा के कारण कच्चे आम गिर गए और कई आम के पेड़ भी धराशाई हो गए।

बदौआ गांव में विकट बहादुर सिंह के मकान की बाउंड्री पर जामुन का पेड़ गिरने से वह क्षतिग्रस्त हो गई। इसी गांव में उमेश सिंह की भैंस पेड़ गिरने से चोटिल हो गई।

किसान विक्रमा सिंह का नया ट्रैक्टर मौसली का पेड़ गिरने से क्षतिग्रस्त हो गया, जो उनके दरवाजे पर खड़ा था। ओम प्रकाश सिंह के घर का टीन शेड भी तेज हवा से उड़ गया।

मांडा क्षेत्र के दक्षिणी पहाड़ी भूभाग में स्थित हाटा और मझिगवां न्याय पंचायत के हाटा, टंगहा, दसवार, दोहथा, बदौआ, उसकी खुर्द, मझिगवां, पचेड़ा, उसकी कला जैसे कई गांव इस आपदा से प्रभावित हुए। बदौआ के संतोष सिंह, उसकी कला के पप्पू सिंह, विनोद कुमार सिंह, राम आसरे, नेब्बूलाल और इंदल जैसे कई किसानों की फसलें नष्ट हो गईं।

विभिन्न गांवों के किसानों ने शासन-प्रशासन से इस प्राकृतिक आपदा से हुई फसल और संपत्ति के नुकसान का आकलन कर उचित क्षतिपूर्ति प्रदान करने की मांग की है।

# संदिग्ध हालात में मिली इंटर की छात्रा की लाश गले पर चोट के निशान से हत्या की आशंका

**अखंड भारत संदेश**



**करछना।** कौंधियारा क्षेत्र के नचना गांव में सोमवार रात एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां 17 वर्षीय किशोरी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के पीछे बने शौचालय के पास मिला। घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतका की पहचान साक्षी तिवारी (पुत्री अवनीश तिवारी) के रूप में हुई है, जो इंटर की छात्रा थी। परिजनों के अनुसार सोमवार रात करीब 11 बजे साक्षी शौच के लिए घर से बाहर निकली थी। काफी देर तक वापस न आने पर परिजन चिंतित हो उठे। जब घर के लोग बाहर निकले तो साक्षी शौचालय के पास अचेत अवस्था में पड़ी मिली। उसके शरीर का रंग काला पड़ चुका था, जिससे घटना और भी संदिग्ध प्रतीत हो रही है।

बताया जा रहा है कि सबसे पहले साक्षी की मां संगीता ने उसे इस हालत में देखा और शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर जुट गए। सूचना पाकर पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। शुरूआती जांच में किशोरी के गले पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं।

घटना की गंभीरता को देखते हुए एसीपी कौंधियारा अब्दुस सलाम खान, डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच में जुटी है। वहीं परिजन लगातार हत्या का आरोप लगाते हुए दोषियों की गिरफ्तारी और न्याय की मांग कर रहे हैं।

मृतका दो भाई-बहनों में दूसरे स्थान पर थी। उसके पिता और भाई मुंबई में नौकरी करते हैं, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में मातम का माहौल है और हर कोई इस दर्दनाक घटना से स्तब्ध है।

फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, जिससे मौत के सही कारणों का खुलासा हो सके। वहीं, इस घटना ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और कानून-व्यवस्था को लेकर भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**सहसों।** भारद्वाज गुरुकुलम संस्थान रुदापुर के प्रांगण में मंगलवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में संस्थान के प्रबंधक देवराज उपाध्याय ने संबोधित करते हुए कहा कि विश्व स्वास्थ्य दिवस का उद्देश्य वैश्विक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना वर्ष 1948 में हुई थी, जिसकी स्मृति में यह दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बच्चों और उपस्थित लोगों से अपील की कि वे अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें और संतुलित जीवन शैली अपनाएं।

देवराज उपाध्याय ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि संभव हो तो प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इससे न केवल दान करने वाला व्यक्ति स्वस्थ रहता है, बल्कि किसी जरूरतमंद को जीवनदान भी मिल सकता है। उन्होंने सभी से सेवा भाव, समर्पण और स्वस्थ जीवन के प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की जरूरत पर जोर दिया। इस अवसर पर विनय, संजय, राजेंद्र प्रसाद, श्रीकांत एवं कृष्णानंद सहित कई लोग मौजूद रहे।

# डॉ. अंतिमा यादव को एमडी (पीडियाट्रिक्स) की उपाधि, उपमुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

**करछना।** मध्यप्रदेश में आयोजित भव्य दीक्षांत समारोह में डॉ. अंतिमा यादव को एमडी (पीडियाट्रिक्स) की उपाधि प्रदान की गई। इस अवसर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ने उन्हें सम्मानित किया। यह उपलब्धि उनके परिवार, क्षेत्र और चिकित्सा जगत के लिए गौरव का विषय है।

डॉ. अंतिमा यादव ने अपनी मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के बल पर यह सफलता हासिल की है। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने बाल रोग चिकित्सा के क्षेत्र में विशेष दक्षता प्राप्त की और मरीजों की सेवा में अहम भूमिका निभाई।




वे इससे पूर्व एम्स भोपाल जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में कार्य कर चुकी हैं, जहां उन्होंने जटिल मामलों के उपचार में योगदान दिया। वर्तमान में वे गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, सतना में सीनियर रेजिडेंट के पद पर कार्यरत हैं और बाल स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में जुटी हैं।

डॉ. अंतिमा यादव, प्रख्यात सर्जन डॉ. राघवेंद्र प्रताप सिंह की धर्मपत्नी हैं। उनकी इस उपलब्धि पर उनके पिता डॉ. एम.एल. यादव एवं ससुर राजेंद्र प्रसाद सिंह ने हर्ष व्यक्त किया। उनकी सफलता से करछना क्षेत्र सहित अपने गांव बबुरा का गौरव बढ़ा है। यह उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत मानी जा रही है।

# ट्रैक्टर ने मजदूर को मारी टक्कर उपचार के दौरान मौत , मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम जाम्हा खास बाजार निवासी रामचन्द्र 54 वर्ष पुत्र स्वर्गीय राम खेलावन राजमिस्त्री हैं। बताया गया है यह काम करके सोमवार को वह दुल्हेपुर से काम करके देर शाम बाइक से घर जा रहे थे। जैसे वह तेजपुर स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तेजगति से आ रहे ट्रैक्टर ने रामचन्द्र के बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिन्हें घायल हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था।देर रात में रामचन्द्र की मौत हो गई। मृतक की पत्नी कृष्णा देवी ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। मंगलवार को सुबह पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक रामचन्द्र अत्यंत गरीब थे।वह राजमिस्त्री का काम करते थे। मृतक रामचन्द्र की दो दो पुत्रियां तथा दो पुत्र हैं। ।सभी का रो रो कर बुरा हाल है।

## नाम संशोधन सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं धर्मेन्द्र कुमार चौरसिया निवासी 14A/19A खलासी लाइन कीटगंज प्रयागराज निम्न बहलफ बयान करता हूं कि मेरी पुत्री अंशिका चौरसिया (ANSHIKA CHAURASIYA) (जन्मः 16/07/2018, पंजीकरण संख्याः B-2022ः 9-91761-002315) के जन्म प्रमाण पत्र में पिता का नाम 'धर्मेन्द्र चौरसिया' त्रुटिपूर्ण अंकित है।

पिता का सही नाम 'धर्मेन्द्र कुमार चौरसिया (DHARMENDRA KUMAR CHAURASIYA)' तथा माता का नाम 'प्रीति चौरसिया' (Priti Chaurasiya) है। कृपया समस्त अभिलेख में संशोधन कर सही विवरण दर्ज किया जाए।

## मांडा के उल्दा मड़ार में व्यक्ति से मारपीट



**मांडा।** थाना क्षेत्र के उल्दा मड़ार गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक व्यक्ति के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। पीड़ित ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और अपने इलाज की मांग की है। उल्दा मड़ार गांव निवासी फूल चन्द्र पुत्र शिव लखन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार दोपहर करीब डेढ़ बजे वह अपने घर पर काम कर रहे थे। इसी दौरान लल्लन प्रसाद, रोहित कुमार, राजेश कुमार और रवि कुमार ने अचानक उन पर हमला कर दिया। आरोपियों ने उन्हें अपशब्द कहते हुए लाठी-डंडों और लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा। इस मारपीट में फूल चन्द्र के हाथ, पैर, पीठ और सिर में गंभीर चोटें आई हैं। उनके शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद हमलावर वहां से भाग गए और उनकी जान बच सकी। आरोपियों ने मौके से जाते समय फूल चन्द्र को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने पुलिस से इस मामले में तत्काल उचित कार्रवाई करने और अपनी चोटों का समुचित इलाज सुनिश्चित कराने की गुहार लगाई है। वही समाचार लिखे जाने तक कोई पुलिसिया कार्रवाई नहीं हुई।


## कार्यालय ग्राम पंचायत उमरछा विकास खंड मूरतगंज जनपद कौशांबी

वित्तीय वर्ष 2026 2027

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026 2027 में ग्राम पंचायत उमरछा बिकास खंड मूरतगंज जनपद कौशांबी में कराए जाने वाले विभिन्न कार्यों जी रामजी योजना राज्य वित्त योजना केंद्र वित्त योजना नाली सड़क मरम्मत निर्माण इंटरलॉकिंग मरम्मत निर्माण हैंड पंप मरम्मत हैंडपंप रिवोर सामुदायिक शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत सरकारी स्कूल मरम्मत विद्यालय पंचायत भवन में विद्युतीकरण आदि कार्य हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं टेंडर फॉर्म कार्यालय दिवस पर ग्राम पंचायत से प्राप्त किए जा सकते हैं 08 अप्रैल 2026 से 15 अप्रैल 2026 तक टेंडर फॉर्म ग्राम पंचायत में जमा किए जाएंगे 16 अप्रैल 2026 को 12:00 बजे दिन में उपस्थित फर्मो के समक्ष टेंडर सार्वजनिक तरीके से खोले जाएंगे निविदा स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| | |
|---|---|
| **रमाकांत त्रिपाठी** | **धनराज सिंह** |
| **ग्राम प्रधान** | **पंचायत सचिव** |
| **ग्राम पंचायत उमरछा** | **ग्राम पंचायत उमरछा** |
| **वि0खं0 मूरतगंज जनपद कौशांबी** | **वि0खं0 मूरतगंज जनपद कौशांबी** |


# दिघिया धरावनारा में हाईटेंशन टॉवर के नीचे मिला युवक का शव, मानसिक बीमारी से था पीड़ित

**अखंड भारत संदेश**



**मांडा।** ग्रामीण क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब एक युवक का शव हाईटेंशन टॉवर के नीचे पाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 07 अप्रैल 2026 को पुलिस को ढफ्र 5302 के माध्यम से सूचना मिली कि ग्राम धरावनारा में एक अज्ञात व्यक्ति का शव हाईटेंशन टॉवर के ठीक नीचे पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आसपास के ग्रामीणों की सहायता से उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास शुरू किया। प्रारंभिक प्रयासों में शव की पहचान नहीं हो सकी, जिसके बाद पुलिस ने नजदीकी ईंट-भट्ठों और मजदूरों से संपर्क किया। काफी प्रयास के बाद पास के एक भट्ठे पर काम कर रहे मजदूरों को बुलाया गया, जहां चंद्रिका यादव नामक व्यक्ति ने शव की पहचान अपने बेटे संजय यादव के रूप में की।

मृतक के पिता चंद्रिका यादव ने पुलिस को बताया कि वह मूल रूप से बिलासपुर, छत्तीसगढ़ के निवासी हैं और वर्तमान में यहां भट्ठे पर काम करते हैं। उन्होंने बताया कि उनका बेटा संजय यादव मानसिक रूप से बीमार था और अक्सर बिना बताए इधर-उधर चला जाता था। उन्होंने यह भी बताया कि संजय को ऊंचाई पर चढ़ने की आदत थी और वह कई बार हाईटेंशन टॉवर पर भी चढ़ जाया करता था।

पिता के अनुसार, संजय पिछले 7 से 8 दिनों से लापता था, जिसकी तलाश परिजन लगातार कर रहे थे। लेकिन अचानक इस तरह शव मिलने की खबर ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों में भी इस घटना को लेकर चर्चा का माहौल बना रहा।

पुलिस ने मृतक के पिता से लिखित तहरीर प्राप्त कर ली है और पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसके साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए स्वरूप रानी नेहरू (SRN) अस्पताल भेज दिया गया है, ताकि मृत्यु के सही कारणों का पता लगाया जा सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट रूप से कुछ कहा जा सकेगा।

हालांकि प्रथम दृष्टया मामला दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है, क्योंकि मृतक की मानसिक स्थिति और हाईटेंशन टॉवर पर चढ़ने की आदत को देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि वह करंट की चपेट में आ गया होगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

इस घटना के बाद क्षेत्र में शांति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य बनी हुई है और किसी प्रकार की कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई है। पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

यह घटना एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर करती है कि मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों की सुरक्षा और देखभाल के लिए समाज और परिवार को अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है, ताकि इस प्रकार की दुखद घटनाओं से बचा जा सके।


## कार्यालय ग्राम पंचायत कुरई विकास खंड मूरतगंज जनपद कौशांबी

वित्तीय वर्ष 2026 2027

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026 2027 में ग्राम पंचायत कुरई बिकास खंड मूरतगंज जनपद कौशांबी में कराए जाने वाले विभिन्न कार्यों जी रामजी योजना राज्य वित्त योजना केंद्र वित्त योजना नाली सड़क मरम्मत निर्माण इंटरलॉकिंग मरम्मत निर्माण हैंड पंप मरम्मत हैंडपंप रिवोर सामुदायिक शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत सरकारी स्कूल मरम्मत विद्यालय पंचायत भवन में विद्युतीकरण आदि कार्य हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं टेंडर फॉर्म कार्यालय दिवस पर ग्राम पंचायत से प्राप्त किए जा सकते हैं 08 अप्रैल 2026 से 15 अप्रैल 2026 तक टेंडर फॉर्म ग्राम पंचायत में जमा किए जाएंगे 16 अप्रैल 2026 को 3:00 बजे दोपहर बाद दिन में उपस्थित फर्मो के समक्ष टेंडर सार्वजनिक तरीके से खोले जाएंगे निविदा स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| | |
|---|---|
| **ऊषा देवी** | **धनराज सिंह** |
| **ग्राम प्रधान** | **पंचायत सचिव** |
| **ग्राम पंचायत कुरई** | **ग्राम पंचायत कुरई** |
| **वि0खं0 मूरतगंज जनपद कौशांबी** | **वि0खं0 मूरतगंज जनपद कौशांबी** |


## प्रधानाध्यापक का निधन, क्षेत्र को लोगों ने दी श्रद्धांजलि




**जंघई।** अलापुर, अमाई के पूर्व प्रधान, पूर्व अध्यापक राजेंद्र प्रसाद सिंह की धर्म पत्नी प्रधानाध्यापक अलापुर विद्यालय सुशीला सिंह का 26 मार्च गुरुवार को बीमारी से निधन हो गया था। परिजनों के अनुसार विगत कई महीने से इलाज चल रहा था, परिवार के सदस्यों ने हर संभव प्रयास भी किया परंतु विधि का विधान ईश्वर की मंशा के अनुरुप कोई वश नहीं चला अंततः 26 मार्च को सांसें थम गई। परिजनों, क्षेत्रवासियों, रिश्तेदारों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। सुशीला सिंह कर्तव्यनिष्ठ, मिलनसार, उदार, धार्मिक प्रवृति की महिला थीं, उनके निधन से परिवार के सदस्य शोकाकुल हैं। परिजनों में नरेंद्र प्रताप सिंह आपरेटर, धीरेंद्र प्रताप सिंह पूर्व अध्यापक, संजय सिंह, विपुल सिंह पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष एवं ठेकेदार रेलवे, लोक निर्माण विभाग, अतुल सिंह विराट इंटरप्राइजेज, विकास सिंह संस्थापक डिवाइन कोचिंग, राकेश सिंह, कुंदन सिंह, प्रज्जवल, सिंह, उज्जवल सिंह, वैभव, ऋषभ, अभिनव, कार्तिकेय, विराट, पृथ्वी, अखंड, अथर्व आदि लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# SRN अस्पताल में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान नर्सिंग छात्रों ने दिया संदेश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल के ओपीडी ब्लॉक में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्कूल ऑफ नर्सिंग (SRN) द्वारा एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य आदतों के प्रति प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में नर्सिंग प्रिंसिपल जया जायसवाल, नर्सिंग ट्यूटर गीता कुशवाहा, हरेंद्र शर्मा, नर्सिंग इंचार्ज, स्टाफ नर्स एवं अन्य कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।



नर्सिंग प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुति के माध्यम से स्वच्छता, पोषण, रोगों से बचाव एवं स्वस्थ जीवनशैली जैसे विषयों पर जानकारी दी। उनकी प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम का संचालन सुमित राय ने किया। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को समाज के लिए अत्यंत लाभकारी बताया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सैय्यद सरावां विकास खंड मूरतगंज जनपद कौशांबी

वित्तीय वर्ष 2026 2027

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026 2027 में ग्राम पंचायत सैय्यद सरावां बिकास खंड मूरतगंज जनपद कौशांबी में कराए जाने वाले विभिन्न कार्यों जी रामजी योजना राज्य वित्त योजना केंद्र वित्त योजना नाली सड़क मरम्मत निर्माण इंटरलॉकिंग मरम्मत निर्माण हैंड पंप मरम्मत हैंडपंप रिवोर सामुदायिक शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत सरकारी स्कूल मरम्मत विद्यालय पंचायत भवन में विद्युतीकरण आदि कार्य हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं टेंडर फॉर्म कार्यालय दिवस पर ग्राम पंचायत से प्राप्त किए जा सकते हैं 08 अप्रैल 2026 से 15 अप्रैल 2026 तक टेंडर फॉर्म ग्राम पंचायत में जमा किए जाएंगे 16 अप्रैल 2026 को 11:00 बजे दिन में उपस्थित फर्मो के समक्ष टेंडर सार्वजनिक तरीके से खोले जाएंगे निविदा स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| | |
|---|---|
| **अदिबानासिर** | **मैकू लाल** |
| **ग्राम प्रधान** | **पंचायत सचिव** |
| **ग्राम पंचायत सैय्यद सरावां** | **ग्राम पंचायत सैय्यद सरावां** |
| **वि0खं0 मूरतगंज जनपद कौशांबी** | **वि0खं0 मूरतगंज जनपद कौशांबी** |

# थ्रेशर की चपेट में आकर छात्र की मौत गेहूं की मड़ाई के दौरान हुआ हादसा

अखंड भारत संदेश







**प्रयागराज।** जिले के बहरिया थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर गेहूं की मड़ाई के दौरान एक दर्दनाक हादसे में 10वीं के छात्र की थ्रेशर मशीन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना से गांव में शोक की लहर है।

मजूरा गांव निवासी राजकुमार का 18 वर्षीय बेटा सुमित कुमार मंगलवार दोपहर करीब एक बजे गांव के ही एक खेत में गेहूं की मड़ाई कर रहा था। बताया जा रहा है कि खेत में थ्रेशर मशीन चल रही थी और सुमित उसमें गेहूं की पूंजियां डाल रहा था। इसी दौरान अचानक उसका हाथ मशीन में फंस गया। हाथ फंसने के बाद सुमित ने खुद को बचाने की कोशिश की, लेकिन वह मशीन की ओर खिंचता चला गया। कुछ ही क्षणों में वह पूरी तरह थ्रेशर की चपेट में आ गया। आसपास काम कर रहे लोगों ने शोर सुनकर दौड़ लगाई और मशीन को बंद कराया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा बेहद भयावह था। मशीन बंद होने के बाद ही सुमित को बाहर निकाला जा सका। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजनों के मुताबिक सुमित पढ़ाई के साथ-साथ खेतों में काम भी करता था। उसने इसी वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा दी थी। उसका बड़ा भाई वैभव दिल्ली में नौकरी करता है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# प्रयागराज में डीएमएफ बैठक सम्पन्न, खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास की बनी कार्ययोजना

अखंड भारत संदेश





**प्रयागराज।** जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) न्यास की शासी परिषद एवं प्रबंध समिति की वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली बैठक मंगलवार को संगम सभागार में आयोजित की गई। बैठक में खनन से प्रभावित प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष क्षेत्रों के निर्धारण के साथ उनके विकास की रूपरेखा पर चर्चा की गई।

बैठक में प्रवीण पटेल, डॉ. वाचस्पति, पीयूष रंजन निषाद, संदीप सिंह, सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा और प्रभागीय वनाधिकारी अरविन्द कुमार यादव सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

ज्येष्ठ खनन अधिकारी के.के. राय ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार खनन पट्टा क्षेत्र से 0 से 5 किलोमीटर तक के गांवों को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित और 5 से 10 किलोमीटर तक के गांवों को अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्र माना जाएगा। इन क्षेत्रों के विकास के लिए वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक धनराशि 70:30 के अनुपात में खर्च की जाएगी।

उन्होंने बताया कि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों क्षेत्रों में मिलने वाली धनराशि का 70 प्रतिशत हिस्सा उच्च प्राथमिकता वाले कार्यों–जैसे पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, महिला एवं बाल कल्याण–पर खर्च होगा, जबकि शेष 30 प्रतिशत अन्य विकास कार्यों जैसे अवसंरचना, सिंचाई और ऊर्जा पर व्यय किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रभावित गांवों की सूची जनप्रतिनिधियों को भेजी जाए, ताकि यदि कोई गांव छूट गया हो तो उसे एक सप्ताह के भीतर प्रस्तावित कर सूची में शामिल किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि बाद में छूटे गांवों को योजना का लाभ देना संभव नहीं होगा।

इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों और विभागों से विकास कार्यों के प्रस्ताव लेकर पंचवर्षीय कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने को भी कहा।

बैठक में सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। इस दौरान एडीएम प्रशासन पूजा मिश्रा, बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति टीम ने महिला इंटर कॉलेज में छात्राओं को जागरूक किया



**नैनी।** नैनी थाना क्षेत्र में मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत मंगलवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान थाना नैनी की मिशन शक्ति टीम ने राधा रमण महिला इंटर कॉलेज में पहुंचकर छात्राओं और महिलाओं को सुरक्षा व अधिकारों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान टीम ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। साथ ही किसी भी आपात स्थिति में सहायता के लिए जरूरी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से बताया गया। छात्राओं को वूमेन पावर लाइन 1090, घरेलू हिंसा हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। मिशन शक्ति टीम ने छात्राओं को बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या या उत्पीड़न की स्थिति में वे इन हेल्पलाइन नंबरों पर तुरंत संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकती हैं। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को सतर्क रहने और दूसरों को भी जागरूक करने का संदेश दिया गया।

## बालू से लदा ओवर लोड ट्रक अनियंत्रित होने पर बिजली पोल को किया धराशायी, विजली आपूर्ति बाधित

**लालापुर।** प्रतापपुर लालापुर मार्ग पर बालू से लदा ट्रक इन दिनों आए दिन रोड़ से सटे विजली के पोल से टकरा रहे है। लालापुर प्रतापपुर (सुपारी बाग) के पास एक बालू लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा इतना जोरदार था कि ट्रक की चपेट में आने से सड़क किनारे लगा बिजली का खंभा (पोल) टूटकर गिर गया। गनीमत रही कि हादसे के वक्त कोई राहगीर वहां मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। पोल टूटने की वजह से क्षेत्र की बिजली आपूर्ति पूरी तरह चरमरा गई। गर्मी में ग्रामीणों को घंटों बिना बिजली के गुजारने पड़े। आए दिन होने वाली इन घटनाओं से न सिर्फ सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुँच रहा है, बल्कि आम जनजीवन को भी परेशानी का समना करना पड़ रहा है बिजली विभाग को भी इस नुकसान के कारण आर्थिक क्षति झेलनी पड़ रही है।

# पंचायत चुनाव की समय सीमा बढ़ाने और प्रशासक नियुक्त होने के विरोध में प्रधानों ने बुलंद की आवाज

अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश पदाधिकारियों की अगुवाई में मेजा ब्लाक सभागार में बैठक कर भरी हुंकार कहा चुनाव की समय सीमा बढ़ाने पर प्रशासक को नहीं करेंगे स्वीकार,प्रधानों की इस मुहिम में संगठन के शीर्ष पदाधिकारी होंगे आगे विधान भवन से लेकर न्यायालय तक लड़ेंगे लड़ाई





**मेजा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव समय पर न कराने के विरोध में मंगलवार को विकास खंड मेजा के प्रधानों ने अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश पदाधिकारियों के नेतृत्व में ब्लाक सभागार में बैठक आयोजित कर कड़ी नाराजगी जाहिर किया और अपनी आवाज बुलंद करते हुए कहा कि पंचायत चुनाव की समय सीमा बढ़ाने पर हम प्रधान प्रशासक को बर्दाश्त नहीं करेंगे। प्रधानों ने आगे कहा कि समय पर चुनाव न कराने की स्थिति में प्रधान वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार प्रधानों के पास ही रहने की जोरदार मांग किया। इतना ही नहीं बैठक में बड़ी संख्या में मौजूद प्रधानों का आह्वान करते हुए मुख्य अतिथि एवं संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र त्रिपाठी,विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद संघ के अल्प संख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष काजी मु. मुअज्जम (पप्पू काजी) और जिलाध्यक्ष सुरेश तिवारी ने हुंकार भरते हुए कहा कि यदि चुनाव समय पर न होकर इसकी समय सीमा बढ़ाई जाती है और इस दौरान प्रधानों को पावर विहीन कर शासन द्वारा कोई प्रशासक नियुक्त किया गया तो प्रधान संगठन इस लड़ाई को न्यायालय से लेकर विधान भवन तक लड़ने को बाध्य होगा और किसी भी कीमत पर प्रशासक को स्वीकार नहीं करेंगे। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राजेश द्विवेदी,सरनजीत भुरतीया, प्रधान मुलायम सिंह यादव,अरशद खान,शिवकुमार शुक्ला,रामजी यादव,रामधारी उर्फ कल्लू नेता,विजय बहादुर सिंह,अशोक पाल,दयाशंकर तथा अखिलेश यादव आदि के अलावा बड़ी संख्य में कई अन्य प्रधान प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# महानिदेशक के आदेश पर बीआरसी उरुवा में मासिक बैठक व निपुण विद्यालय सम्मान समारोह आयोजित

विकास खंड उरुवा के 29 निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को खंड शिक्षाधिकारी वरुण मिश्रा ने प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित कहा शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का समय से करें पालन

अखंड भारत संदेश






निपुण विद्यालय सम्मान समारोह में महिला प्रधानाध्यापक को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते बीईओ उरुवा वरुण मिश्रा

**मेजा।** बीआरसी उरुवा के सभागार में महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा तथा जिला बेसिक शिक्षाधिकारी प्रयागराज के आदेशानुसार मंगलवार को मासिक बैठक एवं निपुण विद्यालय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बैठक में विकास खंड उरुवा के परिषदीय विद्यालयों के समस्त प्रधानाध्यापक एवं इंचार्ज प्रधानाध्यापकों के साथ बीईओ उरुवा उरुवा वरुण मिश्रा ने उनके साथ घंटों समय दिया और विभागीय कार्यों के संपादन एवं समीक्षा की जानकारी ली साथ ही शासन द्वारा जारी दिशा निदेर्शों का समय से पालन करने को भी कहा। बैठक में कर्मयोगी प्रशिक्षण, स्कूल चलो अभियान रैली, किताब वितरण, निपुण आकलन,अपार आईडी,डीबीटी, समाचार पत्र, डिजिटल उपस्थिति यू डाइस पोर्टल पर स्टूडेंट प्रोफाइल व ड्रॉपबॉक्स में पड़े स्टूडेंट को संबंधित विद्यालय में इंपोर्ट करने की समीक्षा, प्रत्येक विद्यालयों द्वारा प्रेरणा पोर्टल पर समय सारणी को अपलोड करना, डीबीटी से संबंधित कार्यों का शत प्रतिशत पूर्ण किया जाना, शैक्षिक सत्र 2026- 27 में नवीन नामांकन का रजिस्ट्रेशन एवं पुराने छात्रों को प्रेरणा पोर्टल पर सत्यापित किए जाने की समीक्षा, विद्यालयों में चर्चा भवन से संबंधित सूचनाओं की समीक्षा, कंपोजिट धनराशियों का व्यय विवरण विद्यालय की बाहरी दीवारों पर लिखवा जाने के संबंध में जानकारी, एमडीएम के अंतर्गत विद्यालय में मानक के अनुसार रसोईया चयन की स्थिति, विद्यालय समय अवधि के दौरान शौचालय खुले होने की स्थिति तथा विद्यालय निरीक्षण के दौरान शिक्षक डायरी की समीक्षा, गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर समीक्षा व प्रशश्त एप आदि अन्य कई और बिंदुओं पर समीक्षा की गई। ब्लॉक के एआरपी अजीत मिश्रा ने परिषदीय विद्यालयों के सत्र 2025-26 में निपुण घोषित हुए उरुवा ब्लॉक के 29 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की सूची में से नाम पढ़कर एक-एक करके मंच पर बुलाया। एआरपी रामानंद शुक्ल ने बताया कि परियोजना लखनऊ द्वारा उरुवा ब्लॉक के कुल 93 विद्यालयों का निपुण आकलन तीन चरणों में किया गया था,जिसके सापेक्ष कुल 29 विद्यालय परियोजना द्वारा निपुण घोषित किया गया। जिसका रिजल्ट 31ड्ढ5 प्रतिशत रहा। बीईओ उरुवा वरुण मिश्रा ने ब्लॉक के निपुण हुए 29 विद्यालयों जिसमें टूड़िहार, अकोढा, कोड़निया, कोठरी, सिगारों, केवटाही, अछोला, खानपुर, बैदौली, जनवार, सिरसा पश्चिमी, बरी, कठौली, गौराचौकठा, खमिनिया, अरई, भभौरा, हनुमान सहायपूरा, बीरपुर पटखौली, भिगारी, डुहिया, उरनाह, समोगरा, सोनबरसा आदि विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। गौरतलब है कि समस्त कार्यक्रम बीआरसी उरुवा के लेखाकार कृष्ण कुमार शुक्ल की देखरेख में संपन्न हुआ। इस मौके पर पूर्व एआरपी राजेश मिश्रा, प्रीतम दास व एआरपी जगदीश मिश्रा, प्रमोद शुक्ला तथा शिक्षक विनोद शुक्ला, पुष्कर द्विवेदी, रविशंकर द्विवेदी, विद्या यादव, माया तिवारी, राजेश कोलहा, अखिलेश दुबे, शकुंतला मिश्रा, प्रदीप तिवारी, स्तुति श्रीवास्तव, सरस्वती द्विवेदी, अल्का शुक्ला, अरुणा जैसल, सुमन सिंह,शिप्रा रमाकांत यादव, संदीप पांडेय, गिरीश श्रीवास्तव, राजीव लोचन शुक्ला, अनुज श्रीवास्तव, राजेश्वरी सिंह, सुनील सिंह, कृष्णाकांत सिंह व इकबाल अहमद आदि के अलावा कई अन्य विद्यालयों के शिक्षक व प्रधानाध्यापक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## नैनी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की रुकने की मांग सांसद से किया व्यापारी



**नैनी।** नैनी क्षेत्र के नागरिकों एवं व्यापारियों ने रीवांचल एक्सप्रेस के नैनी रेलवे स्टेशन पर ठहराव की मांग को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल की। इस संबंध में क्षेत्र के लोगों ने सांसद उज्जवल रमण सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्थानीय निवासियों ने बताया कि रीवांचल एक्सप्रेस का नैनी स्टेशन पर ठहराव होने से क्षेत्र के व्यापार आवागमन एवं आम जनजीवन को काफी सुविधा मिलेगी। वर्तमान में ट्रेन के यहां न रुकने से यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस अवसर पर व्यापार मंडल नैनी के महामंत्री धीरेन्द्र यादव (धीरू), टेलीफोन सलाहकार सदस्य नयन कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा, सतीश श्रीवास्तव, राजेश मिश्रा, सुभाष केशरवानी, उमाशंकर प्रजापति एवं अन्य स्थानीय नागरिक एवंव्यापारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सांसद ने लोगों की मांग को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से वार्ता करने का आश्वासन दिया। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि शीघ्र ही रीवांचल एक्सप्रेस का नैनी स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित किया जाएगा। जिससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

## "कवन सो काज कठिन जग माहीं, जो नहिं होइ तात तुम पाहीं।"



**जंघई।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का वार्षिकोत्सव असवां तिवरान गांव में धूमधाम से मनाया गया। सोमवार को अखंड रामायण पाठ एवं मंगलवार को समापन, हवन, महाप्रसाद भण्डारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम आयोजक चंद्रमणि तिवारी सदस्य जिला कार्यसमिति भाजपा एवं प्यारे मोहन मिश्र, प्रकाश चंद्र तिवारी, अभिषेक तिवारी द्वारा आए हुए अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, इंजीनियर घनश्याम पांडेय, सुरेश चंद्र दुबे, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण पाल चौहान, रतन कुमार मिश्रा, सुभाष चंद्र मिश्रा, अभय राज मिश्रा, डॉक्टर अर्चना शुक्ला, छोटेलाल दुबे, शंभूनाथ तिवारी, राजीव सिंह, पिंटू पांडेय, डिंपी पांडेय, नागेंद्र प्रताप सिंह, देवेंद्र कुमार दुबे, कुशलेश दुबे, प्रमोद गुप्ता प्रधान, अंशुमान शुक्ल, आशीष कुमार दुबे, संजय कुमार दुबे, परमानंद, सच्चिदानंद, मनीष, अवनीश, साकेत, शिवदत्त, दिव्यप्रकाश, विनायक, कार्तिकेय, सक्षम, राघव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# शिवशंकर गौतम को सौंपी गई आरपीआई के उरुवा ब्लाक अध्यक्ष की कमान

कहा - शीर्ष पदाधिकारियों द्वारा दी गई जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा और इमानदारी से निर्वहन करना और आरपीआई पार्टी के साथ संगठन को मजबूत करना ही होगी हमारी प्राथमिकता



**मेजा।** आरपीआई के जिलाध्यक्ष संजय गौतम के नेतृत्व में उनके निजी आवास बंधवा में पार्टी पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित हुई जिसमें नेवढ़िया गांव के क्रांतिकारी नेता शिवशंकर गौतम को रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया के उरुवा ब्लाक अध्यक्ष की कमान सौंपी गई। इस दौरान पार्टी के शीर्ष नेतृत्व एवं प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता के आह्वान पर चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के तहत शिवशंकर गौतम को यह जिम्मेदारी दी गई है। गौरतलब है कि नई जिम्मेदारी मिलने पर श्री गौतम ने शीर्ष नेतृत्व और प्रयागराज जिलाध्यक्ष संजय गौतम का आभार जताते हुए कहा कि आरपीआई के शीर्ष नेतृत्व द्वारा दी गई इस जिम्मेदारी को मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाने के साथ साथ पार्टी और संगठन को मजबूती प्रदान करना ही हमारी प्राथमिकता होगी। बता दें कि आरपीआई में शिवशंकर गौतम को उरुवा ब्लाक का ब्लाक अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों और सदस्यों ने बधाई दिया है।

# डीजीएस कार्यालय मेजारोड में भाजपाइयों ने धूमधाम से मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** डीजीएस मेजारोड स्थित कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह पूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जन सेवक एवं भाजपा नेता इन्द्रदेव शुक्ला (राजू भैया) के नेतृत्व में किया गया,जिसकी अध्यक्षता भाजपा नेता रमाशंकर निषाद ने की। इस दौरान कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़े और दिग्गज भाजपा नेता माण्डवी शरण द्विवेदी, हेमंत द्विवेदी, मोतीलाल पटेल, सिद्धांत तिवारी, हरिमोहन तिवारी, पप्पू उपाध्याय तथा अखिलेश मिश्रा सहित कई अन्य सम्मानित एवं जिम्मेदार कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी कार्यकताओं ने पार्टी के स्थापना दिवस को पूरे जोश और समर्पण के साथ मनाया।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता उमाशंकर तिवारी ह्यगांधीजीह्न मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में पार्टी के इतिहास, सिद्धांतों एवं राष्ट्र निर्माण में भाजपा की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने सभी कार्यकताओं को संगठन के प्रति समर्पित रहकर देश एवं समाज की सेवा करने के लिए प्रेरित किया।



# गैंगस्टर एक्ट के तहत 25-25 हजार के दो इनामी अपराधी गिरफ्तार

## एसटीएफ अयोध्या ने लखनऊ के बादशाहनगर रेलवे स्टेशन के पास से दबोचा

**अखंड भारत संदेश**




**कुंडा।** एसटीएफ अयोध्या यूनिट ने गैंगस्टर एक्ट के तहत 25-25 हजार रुपये के इनामी दो अपराधियों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए अपराधियों में हरिश्चंद्र और सोहनलाल शामिल हैं। दोनों अभियुक्तों को लखनऊ स्थित बादशाहनगर रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया।

हरिश्चंद्र पुत्र निबरे, निवासी ग्राम बल्दू का पुरवा बनगाई, थाना धानेपुर, जनपद गोंडा, उम्र 42 वर्ष और सोहनलाल पुत्र रामरंग, निवासी ग्राम छेदा का पुरवा मुड़ाडीहा, थाना धानेपुर, जनपद गोंडा, उम्र 48 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। हरिश्चंद्र पर रायबरेली, बहराइच, अयोध्या, कुशीनगर, गोंडा, चित्रकूट, प्रतापगढ़, बस्ती और सुल्तानपुर जिलों में कुल 17 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें गैंगस्टर एक्ट, लूट, हत्या का प्रयास, चोरी और आर्म्स एक्ट के मामले शामिल हैं। सोहनलाल पर रायबरेली, बहराइच, गोंडा, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर और बलरामपुर जिलों में कुल 10 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें गैंगस्टर एक्ट, लूट, चोरी और आर्म्स एक्ट के मामले शामिल हैं। गिरफ्तारी का नेतृत्व एसटीएफ अयोध्या यूनिट के प्रभारी उपनिरीक्षक सौरभ मिश्रा ने किया। उनके साथ कमांडो राजकुमार यादव, संतोष सिंह, नीरज सिंह, रजनीश सिंह और चालक सर्वेश यादव की टीम शामिल थी। इस गिरफ्तारी से पुलिस ने अपराधियों के नेटवर्क पर कड़ी चोट की है।

# ट्रेन में चढ़ते समय फिसलकर गिरा वृद्ध, मौत

**अखंड भारत संदेश**

**कुंडा।** स्टेशन पर समोसा खरीदने उतरना वृद्ध को भारी पड़ गया। समोसा खरीदने के दौरान ट्रेन चल दी। चलती ट्रेन पर चढ़ने के दौरान पैर फिसलने से वह नीचे गिर गए। हादसे में वह घायल हो गए। रेलकर्मियों ने घायल को सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रयागराज के राम प्रिया रोड मोहल्ला निवासी सुखराम के बेटे अशोक कुमार लखनऊ में नौकरी करते थे। वह दिसंबर 2025 में सेवानिवृत्त हो गए थे। उसके बाद भी विभाग वालों ने उन्हें अपने साथ रखा था। मंगलवार सुबह वह लखनऊ से इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन से अपने घर राम प्रिया रोड प्रयागराज लौट रहे थे। जैसे ही करीब सवा दस बजे इंटरसिटी एक्स्प्रेस ट्रेन गढ़ी मानिकपुर स्टेशन पर रुकी। अशोक नाश्ते के लिए समोसा खरीदने नीचे उतर गए। तभी ट्रेन चल दी। ट्रेन को जाते देख वह चलती ट्रेन में चढ़ने लगे और फिसलने नीचे गिरकर घायल हो गए। रेलकर्मी मौके पर पहुंचे, एम्बुलेंस से उन्हें सीएचसी भेजा। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के जेब से मिले अभिलेख के आधार पर उनकी पहचान हुई। सूचना पर इकलौता बेटा सागर सीएचसी पहुंचा। पिता का शव देख दहाड़े मारकर रो पड़ा। वृद्ध की मौत की खबर मिलते ही उसकी पत्नी सुलेखा देवी, बेटा सागर, बेटी अंजली समेत पूरे परिवार में कोहराम मचा रहा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## न्यूज झरोखा

### प्रिंस बने अखिल भारतीय हिन्दू परिषद के प्रदेश मीडिया प्रभारी



**कुंडा।** अखिल भारतीय हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत योगी राजकुमार नाथ ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए बाघराय मंडलभासौ निवासी कृष्णाकांत उर्फ प्रिंस प्रजापति को प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रिंस प्रजापति का सम्मान करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी और संगठन के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हिन्दू एकता को सुदृढ़ करने और लोगों को हिन्दुत्व की मुख्य धारा से जोड़ने में मीडिया की अहम भूमिका होती है, जिसे प्रिंस पूरी निष्ठा से निभाएंगे। संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने भी प्रिंस प्रजापति को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके नेतृत्व में संगठन के विस्तार की उम्मीद है।

### कुत्ते के अचानक सामने से अनियंतित्र हुई बाइक, चार घायल

**पट्टी।** क्षेत्र में मंगलवार दोपहर को एक दर्दनाक सड़क हादसा उस समय हो गया, जब स्कूल से घर लौट रहे चार लोग अचानक दुर्घटना का शिकार हो गए। जैतापुर गांव निवासी आर्यन (10) पुत्र जय सिंह पटेल, श्रेया (10) पुत्री महेंद्र कुमार, स्नेहा पटेल पुत्री जय सिंह पटेल और धर्मेंद्र कुमार (30) पुत्र जगदीश एक ही बाइक से वापस घर जा रहे थे। जैसे ही बाइक कोहरावं गांव के पास पहुंची, अचानक सड़क पर एक आवारा कुत्ता दौड़ते हुए सामने आ गया। कुत्ते को बचाने की कोशिश में बाइक चला रहे धर्मेंद्र कुमार ने संतुलन खो दिया और देखते ही देखते बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर जोरदार तरीके से गिर पड़ी। हादसा इतना अचानक हुआ कि मौके पर मौजूद लोग भी सन्न रह गए। बाइक गिरते ही चारों सवार सड़क पर दूर जा गिरे और चीख-पुकार मच गई। आस-पास के ग्रामीण तुरंत मौके पर दौड़े और घायलों को संभालते हुए उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टरों के मुताबिक बाइक चला रहे धर्मेंद्र कुमार को सबसे ज्यादा गंभीर चोटें आई हैं। उनके सिर और शरीर के कई हिस्सों में चोट लगने की बात सामने आई है। प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं, अन्य घायलों का इलाज सीएचसी में जारी है।

### विकास कार्यों की दोबारा जांच की गुहार

**प्रतापगढ़।** सांगीपुर ब्लाक के पूरे मुरली गांव निवासी अजय सरोज समेत कुछ ग्रामीणों ने गांव में विकास कार्यों में अनियमितता की जांच को लेकर दोबारा लोकायुक्त को शिकायत भेजी है। ग्रामीणों के मुताबिक लोकायुक्त को भेजी गयी शिकायत के तहत डीएम ने ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अभियंत्रण व समाज कल्याण अधिकारी से जांच करवाई। दोनों अधिकारियों की जांच से शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है। शिकायतकर्ता ने दोबारा लोकायुक्त को प्रार्थना पत्र भेजकर शासन स्तर पर जांच कराये जाने की गुहार की है।

### युवती के अपहरण का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** युवती के गायब हो जाने को लेकर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़ित मां ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती छह अप्रैल को दोपहर करीब एक बजे उसकी बीस वर्षीय पुत्री को कोतवाली देहात के डेराना डडवा निवासी अभिषेक चैहान पुत्र दिनेश शादी का झांसा देकर कहीं भगा ले गया है। पीड़ित मां ने अनहोनी की आशंका जतायी है। उदयपुर पुलिस ने जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# लोहे की रॉड से हमला, महिला गंभीर रूप से घायल

**कुंडा।** हथिगवां थाना क्षेत्र के कटरा निवासी मोहम्मद नौसाद पुत्र मकबूल हसन ने थाना हथिगवां में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने अपने परिवार के ही मेराज अहमद और उसकी पत्नी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। नौसाद का कहना है कि मेराज अहमद और उसकी पत्नी ने उनके परिवार के साथ न केवल गाली-गलौज की, बल्कि उनकी पत्नी पर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला भी किया। हमले में महिला के दोनों पैर बुरी तरह टूट गए और वह बेहोश हो गई। घटना के बाद आरोपी ने वादी और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। घायल महिला को तुरंत प्राथमिक उपचार के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उसे एसआरएन अस्पताल, प्रयागराज रेफर कर दिया गया। शिकायत के आधार पर थाना हथिगवां में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक राखी सिंह द्वारा की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि कानून व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में है और मामले की जांच तेजी से की जा रही है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस प्रकार की घटनाएं समाज के लिए बेहद चिंताजनक हैं और अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

# जिलाधिकारी ने अनाथ गोल्डी को 20 हजार रुपए का चेक प्रदान कर आर्थिक मदद की

## जिलाधिकारी ने रोजगार, राशन और आवासीय लाभ के लिये अधिकारियों को दिये निर्देश

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने आज कैम्प कार्यालय में कोडरा मादूपुर थाना लीलापुर निवासी 20 वर्षीय गोल्डी की समस्याओं को गंभीरता से सुना। दिनांक 02 फरवरी 2026 को दुर्घटना में उनके पिता बड़े लाल व माता कमला देवी की मृत्यु के बाद, गोल्डी और उनकी बहन गुंजन (17 वर्ष), प्रियम (15 वर्ष), वर्षा (08 वर्ष) और भाई आजाद (12 वर्ष) पूरी तरह से अनाथ और बेसहारा हो गए थे। गोल्डी ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि पिता-माता मेहनत-मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करते थे और अब उनकी अनुपस्थिति में रोजमर्रा की आवश्यकताओं की पूर्ति भी कठिन हो गई है। वे सभी टूटे-फूटे आवास में रहने को मजबूर हैं। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने गोल्डी की समस्या को गंभीरता से लिया और तुरंत रुपए 20000 का चेक प्रदान कर आर्थिक मदद की। इसके साथ ही रोजगार हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि गोल्डी को कस्तूरबा गांधी विद्यालय में रसोइयां के पद पर नियुक्त किया जाए। जिला पूर्ति अधिकारी को राशन कार्ड बनाने हेतु निर्देशित किया जिससे बच्चों को निःशुल्क राशन प्राप्त हो सके। परियोजना निदेशक को निर्देशित किया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बच्चों को आवास से लाभान्वित किया जाए।

### बारह मई को होगा लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों का चुनाव

**लालगंज।** संयुक्त अधिवक्ता संघ की कार्यकारिणी का चुनाव आगामी बारह मई को होगा। मंगलवार को चुनाव कार्यक्रमों को लेकर समिति के अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में लिए गये निर्णय के तहत आगामी बारह मई को तहसील के लाइब्रेरी हाल में प्रातः आठ बजे से अपरान्ह तीन बजे तक मतदान कराया जायेगा। चुनाव परिणामों की घोषणा भी इसी दिन मतगणना के बाद की जायेगी। समिति के अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने बताया कि आगामी दस अप्रैल तक सदस्यता अभियान चलाया जायेगा। मतदाता अंतिम सूची का बार कौंसिल से सत्यापन कराये जाने का भी निर्णय लिया गया है। मतदान के एक दिन पहले ग्यारह मई को तहसील पार्क में प्रत्याशियों का दक्षता भाषण होगा। वहीं आगामी पचीस अप्रैल से अट्ठाइस अप्रैल तक प्रत्याशियों का नामांकन होगा। उन्तीस अप्रैल को नाम वापसी व जांच की प्रक्रिया होगी। बैठक का संचालन महामंत्री वीरेन्द्र सिंह अगई ने किया। इस मौके पर एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, रामलगन यादव, बेनी लाल शुक्ल, संतोष पाण्डेय, शैलेन्द्र चतुर्वेदी मौजूद रहे।

# भक्तिभाव से भगवान का वंदन देता है पुण्यफल : भीष्मपितामह मिश्र



## लंगड़ा का पुरवा में हो रही श्रीमद् भागवत कथा में जुटे श्रद्धालु

**लालगंज।** अमावां क्षेत्र के लंगड़ा का पुरवा में हो रही श्रीमद् भागवत कथा में मंगलवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी दिखी। कथा व्यास अयोध्या श्रीधाम के भीष्मपितामह मिश्र जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का लोकावतार लोक मंगल को फलीभूत करने वाला वंदनीय अवतार है। उन्होंने कहा कि धर्म की रक्षा के लिए द्वारिकाधीश ने असत्य मार्ग पर चलने वाले आतताइयों का विनाश सुनिश्चित कराया है। उन्होंने कहा कि भगवान की कृपा भक्तिभाव के समर्पण में निहित हुआ करती है। उन्होंने भगवान के अवतारों का वर्णन करते हुए कहा कि सृष्टि के मंगल के लिए विविध स्वरूप में भगवान धरती पर आये। कथा के दौरान भगवत भजन की संगीतमयी प्रस्तुति में श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। कथा के संयोजक रामसुभग मिश्रा व अधिवक्ता अजय कुमार मिश्र ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। संचालन अधिवक्ता भरत ओझा ने किया। इस मौके पर उमेश तिवारी, संतोष पाण्डेय, सिंटू मिश्रा, मुरलीधर तिवारी, धीरेन्द्र पाण्डेय, कमलेश मिश्र, महेन्द्र शुक्ल, परमानंद दुबे, रमाकांत तिवारी आदि रहे।

# संदिग्ध दशा में युवती की मौत, कोहराम

**प्रतापगढ़।** संदिग्ध दशा में इलाज के दौरान युवती की मौत हो गयी। मौत को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के बेलहा निवासी शिवराम विश्वकर्मा की पुत्री कली (22) की सोमवार की शाम करीब चार बजे संदिग्ध दशा में तबियत खराब हो गयी। परिजन इलाज के लिए उसे ट्रामा सेंटर ले आये। यहां हालत गम्भीर देख चिकित्सकों ने युवती को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रात करीब नौ बजे इलाज के दौरान युवती की मौत हो गयी। परिजन अस्पताल से शव लेकर घर आये और उसका अन्तिम संस्कार कर दिया। युवती की मौत से मां गुड्डी देवी, बहन कविता तथा भाई अतुल का रो रोकर बुरा हाल देखा गया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है घटना की जानकारी नहीं है, तहरीर मिली तो कार्यवाही की जायेगी।

# स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली गई जागरूकता रैली




**अखंड भारत संदेश**

**कुंडा।** शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) बाघराय के तत्वावधान में स्कूल चलो अभियान के तहत एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। यह रैली बाघराय, रोर पटवारा ब्लॉक मुख्यालय और पूरे शिवभीख से होते हुए पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुन्दरगंज पहुंची। रैली में शिक्षकों, छात्रों एवं स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और शिक्षा के महत्व का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी बंशीधर पाण्डेय ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों का नामांकन प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अवश्य कराएं। उन्होंने बताया कि सरकार की डीबीटी योजना के अंतर्गत अभिभावकों के खातों में 1200 रुपये की धनराशि भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि वे डोर-टू-डोर संपर्क कर अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करें और अभियान के लक्ष्य को पूरा करें। इस अवसर पर सुशील शुक्ला, मानवेन्द्र द्विवेदी, आशुतोष गुप्ता, वेनामहरि त्रिपाठी, दुर्गेश सिंह, राममणि, रमेश पाल, पारसनाथ विश्वकर्मा, शिवाकांत शर्मा, शिवकुमार यादव सहित अन्य शिक्षक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अश्लील गाने का विरोध करने पर हुई मारपीट

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** क्षेत्र के कंधई थाना अंतर्गत राजापुर मुफरिद गांव में एक मामूली विरोध ने हिंसक रूप ले लिया। तेज आवाज में बज रहे अश्लील गानों का विरोध करना एक महिला को भारी पड़ गया। आरोप है कि नाराज पड़ोसियों ने महिला के साथ न केवल मारपीट की बल्कि छेड़छाड़ करते हुए उसके कपड़े तक फाड़ दिए। बताया जा रहा है कि विवाद उस समय शुरू हुआ जब महिला ने पड़ोसियों द्वारा तेज आवाज में बजाए जा रहे अश्लील गानों का विरोध किया। इस पर आरोपी आगबबूला हो गए और महिला के घर में घुसकर गाली-गलौज करते हुए हमला बोल दिया। आरोप है कि दबंगों ने घर में जमकर तोड़फोड़ भी की और महिला को बुरी तरह पीटा। महिला की चीख-पुकार सुनकर जब उसका पति और भतीजा बचाव के लिए पहुंचे, तो आरोपियों ने उन्हें भी नहीं बख्शा। लाठी-डंडों से बेरहमी से पिटाई कर दोनों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। यही नहीं, बीच-बचाव करने आए ग्रामीणों को भी दबंगों ने निशाना बनाया, जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। घटना के दौरान मारपीट का वीडियो भी किसी ने बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद इलाके में चर्चा का माहौल गर्म हो गया है और लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। पीड़िता ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

# फैजुल आरफीन की याद में हुआ ईद मिलादुन्नबी जलसा



**पट्टी।** क्षेत्र के बेलसंडी गांव में सोमवार की रात फैजुल आरफीन की याद में एक दिवसीय ईद मिलादुन्नबी जलसे का आयोजन किया गया। जलसे में दूर-दराज से आए उलेमाओं और स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में शिरकत की। मुख्य वक्ता के रूप में मुरादाबाद से आए मुफ्ती हम्माद रजा ने अपने बयान में कहा कि फैजुल आरफीन ने समाज को सही दिशा देने का कार्य किया। उन्होंने नबी करीम के बताए रास्ते पर चलने की नसीहत देते हुए एक अल्लाह की इबादत, झूठ से परहेज, गरीबों की मदद, पड़ोसियों के साथ अच्छा व्यवहार और नमाज की अहमियत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि उनका पैगाम इंसानियत को राहे-रास्त पर लाने और अल्लाह की रजा हासिल करने का था। मौलाना मुहिब्बुल हक ने कहा कि फैजुल आरफीन ने हमेशा गरीबों की मदद करने के साथ-साथ लोगों को ज्यादा से ज्यादा तालीम हासिल करने के लिए प्रेरित किया। कारी साबीरुल कादरी ने अपने संबोधन में कहा कि उनका पूरा जीवन मानवता के लिए एक मिसाल रहा, जो समाज में शांति और सौहार्द का संदेश देता है। कार्यक्रम की शुरूआत जामा मस्जिद पट्टी के पेश इमाम हाफिज रिजवान ने कुरान शरीफ की तिलावत से की। इसके बाद समीर राजा इलाहाबादी और फरहान रजा ने नबी करीम की शान में नात पेश कर माहौल को रूहानी बना दिया।कार्यक्रम का संचालन अब्दुल अलीम बलरामपुरी ने किया, जबकि संयोजक सूफी वाहिद असवी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।इस अवसर पर हाफिज फिरोज, हाफिज इसरार, हाफिज निजामुद्दीन, मो. फहीम खान, सूफी शेर अली, अब्बास अली राईन समेत क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# महिला से मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की दी धमकी

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के मझिगव गांव में एक महिला के साथ मारपीट, अभद्रता और जान से मारने की धमकी का मामला सामने आने से इलाके में हड़कंप मच गया है। गांव की निवासी निशा गौतम ने सोमवार देर शाम थाने पहुंचकर शिकायती पत्र देते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं।

पीड़िता के अनुसार, गांव के ही कुछ लोगों ने अचानक उन्हें घेर लिया और बिना किसी वजह के गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और खुलेआम जान से मारने की धमकी दी। महिला का कहना है कि आरोपियों के हमले से वह सहम गई हैं और उन्हें अपनी जान का खतरा बना हुआ है। घटना के बाद पीड़िता किसी तरह खुद को बचाते हुए थाने पहुंची और पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। इस घटना से गांव में दहशत का माहौल है, वहीं ग्रामीणों में भी तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। इस संबंध में थाना अध्यक्ष राकेश चैरसिया ने बताया कि पीड़िता की तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।फिलहाल, पीड़िता न्याय की आस में पुलिस कार्रवाई का इंतजार कर रही है।

# भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ



**कुंडा।** क्षेत्र के खरग राय का पुरवा स्थित कथास्थल पर श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ के अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। श्रद्धा और भक्ति से सराबोर इस यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिलाएं सिर पर कलश धारण कर पूरे मार्ग में भजन-कीर्तन करते हुए आगे बढ़ती रहीं, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। कलश यात्रा कथास्थल से प्रारंभ होकर मुगलपुर, आजादनगर, बंशियारा, हनुमतधाम, शिवमंदिर, रामपुर कोटवा, नगरहन का पुरवा, ऐमा और जाटूपुर होते हुए पुनः कथास्थल पर पहुंची। यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। कथास्थल पर पहुंचने के बाद आचार्य डॉ. राजेश शुक्ला ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधानपूर्वक कलश पूजन एवं स्थापना कराई, जिसके साथ ही श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। इस दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का विशेष माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में संयोजक मथुरा प्रसाद यादव, बीडीसी सदस्य श्याम यादव सहित सुरेश, दिनेश, मुकेश, वृंदावन, विशेषर, राकेश, सुबेदार, बिमलेश, मिथिलेश, संदीप, राकेश एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# डीएम ने की कृषि विभाग एवं कृषि एलाइड विभागों की योजनाओं/ कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा

अखंड भारत संदेश

**एफपीओ को प्रोत्साहित किया जाए, ताकि किसानों की आमदनी में और वृद्धि हो सके**



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने उदयन सभागार में कृषि विभाग एवं कृषि एलाइड विभागों की योजनाओं/कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की।जिलाधिकारी ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड की समीक्षा के दौरान उप कृषि निदेशक से मृदा स्वास्थ्य परीक्षण के बाद सम्बन्धित किसान के खेत की उर्वरता में क्या सुधार हुआ एवं उत्पादकता में वृद्धि आदि की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने ए-आर-कोआपरेटिव को आगामी दिनों में मॉग को दृष्टिगत रखकर जनपद में खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को परेशान न होना पड़े। उन्होंने परम्परागत कृषि विकास योजना, एग्री जंक्शन, पीएम कुसुम योजना एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रगति की समीक्षा के दौरान उप कृषि निदेशक को आवश्यक निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने पं.दी.द.उ. किसान समृद्धि योजना एवं पी.एम.के.एस.वाई. की समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि कराए गए पक्के कार्यों का सत्यापन खण्ड विकास अधिकारी से करा लिया जाय। उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना व पी.एम.एफ.एम.ई. योजना के अन्तर्गत आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले 05 स्वयं सहायता समूह को चिन्हित कर खाद्य प्रसंस्करण की बड़ी यूनिट स्थापित कराएं जाने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए, इस सम्बन्ध में जिला उद्यान अधिकारी, उपायुक्त स्वतः रोजगार, व एल.डी.एम. की टीम गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला खाद्य विपणन अधिकारी से कहा कि गेहूँ खरीद के सम्बन्ध मे सभी आवश्यक तैयारियॉ समय से सुनिश्चित कर लिया जाय। जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक से कैम्प के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री की प्रतिदिन की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि आगामी 10 दिन में फार्मर रजिस्ट्री के शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण कराई जाए। उन्होंने एफ.पी.ओ. से उनके कार्यो की फीडबैक प्राप्त करते हुए उप कृषि निदेशक से कहा कि विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कर एफ.पी.ओ को प्रोत्साहित किया जाए, ताकि किसानों की आमदनी में और वृद्धि हो सके। उन्होंने कार्य में लापरवाही पाए जाने पर उप कृषि निदेशक का वेतन रोकने के निर्देश दिए।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# असिस्टेंट कमिश्नर बनी भांजी का भव्य स्वागत, व्यापारियों ने निकाला जुलूस

अखंड भारत संदेश



**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा में मंगलवार को उस समय उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला,जब नगर के प्रतिष्ठित आनंद केसरवानी की भांजी अनुराधा केसरवानी अपने ननिहाल पहुँचीं। अनुराधा ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) 2024 की परीक्षा में सफलता हासिल कर असिस्टेंट कमिश्नर (कमर्शियल टैक्स) जैसे प्रतिष्ठित पद पर चयनित होकर पूरे समाज का नाम रोशन किया है। बताया जाता है कि आनंद केसरवानी की बहन राधा का ससुराल कानपुर नगर में है।राधा केसरवानी की पुत्री अनुराधा केसरवानी अपनी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के बाद पहली बार अझुवा पहुँचीं अनुराधा का स्थानीय व्यापारियों और नगरवासियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। सैकड़ों व्यापारियों ने उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया और ढोल-नगाड़ों के साथ नगर भ्रमण कराते हुए उनकी सफलता का जश्न मनाया।इस अवसर पर नगर पंचायत के वरिष्ठ सभासद फूलचंद्र केसरवानी ने कहा कि अनुराधा की यह सफलता न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे समाज के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि अनुराधा के कठिन परिश्रम,दृढ़ संकल्प और समर्पण का परिणाम है,जो क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगी।नगर भ्रमण के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष शांति देवी कुशवाहा, चेयरमैन प्रतिनिधि ओम प्रकाश कुशवाहा, गुड्डू दराना उर्फ रंजीत केसरवानी, राकेश केसरवानी, नामित सभासद मिथलेश केसरवानी, बड़ेलाल केसरवानी, विमल केसरवानी, पंकज मौर्य सहित बड़ी संख्या में व्यापारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।अझुवा में अनुराधा केसरवानी के स्वागत ने न केवल उनकी सफलता का उत्सव मनाया, बल्कि क्षेत्र के युवाओं में भी कुछ बड़ा करने का उत्साह भर दिया।

# इमरान पसार पर क्यो मेहरबान कौशांबी पीटीओ बालू का खेल बेलगाम पीटीओ खामोश

## क्या इमरान पसार के आगे झुका सिस्टम! पांच जिलों तक नेटवर्क, कार्रवाई पर सवाल

**कौशांबी।** जनपद में अवैध बालू और गिट्टी का खेल अब खुली चुनौती बन चुका है। सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर इमरान पसार पर इतनी मेहरबानी क्यों? क्यों पीटीओ कौशांबी की कार्रवाई उसके ट्रकों के सामने बेअसर नजर आती है? सड़कों पर बेखौफ दौड़ते ओवरलोड ट्रक कानून को खुला तमाचा मार रहे हैं, और जिम्मेदार विभाग खामोश दिखाई दे रहा है। चर्चाओं का बाजार गर्म है कि इमरान पसार का नेटवर्क केवल कौशांबी तक सीमित नहीं,बल्कि बाँदा,चित्रकूट,प्रयागराज और प्रतापगढ़ तक फैला हुआ है। आरोप है कि पांच जिलों में धौंस और रसूख के दम पर बालू लदे ट्रकों को बिना रोक-टोक पास कराया जाता है। यह महज संयोग नहीं,बल्कि किसी बड़े संरक्षण की तरफ इशारा करता है।स्थानीय स्तर पर यह भी आरोप उभर रहे हैं कि जो भी इस नेटवर्क के खिलाफ आवाज उठाता है, उसे डराने-धमकाने तक की घटनाएं सामने आती हैं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है,लेकिन ऐसे दावों ने माहौल को और गंभीर बना दिया है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जिन रास्तों से इमरान के ट्रक गुजरते हैं, वहां पीटीओ की टीम जांच से दूरी बनाए रखती है। क्या यह महज इत्तेफाक है या फिर पर्दे के पीछे कोई ह्यसेटिंगह्व चल रही है? अगर नियम सबके लिए बराबर हैं, तो कारवाई सिर्फ आम लोगों तक ही सीमित क्यों?अब वक्त है सख्त और निष्पक्ष जांच का। वरना यह संदेश साफ जाएगा कि कौशांबी में कानून नहीं,बल्कि रसूख का राज चलता है जहां कुछ नामों के आगे पूरा सिस्टम बेबस नजर आता है।

## मौके पर समाधान, जनता को राहत

**अभियान के अन्तर्गत भूमि विवादों को गॉव में ही किया जाएगा निस्तारित**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी डा.अमित पाल ने मौके पर समाधान,जनता को राहत अभियान चलाने के निर्देश दिए है,जिसके अन्तर्गत भूमि विवाद की समस्याओं का समाधान गॉव में ही किया जाएगा। उन्होंने जनपद के समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि तहसीलवार ऐसे 10-10 ग्रामों की सूची तैयार करे जहाँ पर भूमि विवाद की संख्या सर्वाधिक है।रोस्टर के अनुसार इन चयनित ग्रामों में कैम्प लगाकर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवादों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण किए जाए। उन्होंने उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी को भी मौके पर रहकर भूमि विवादों का समाधान करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि इन ग्रामों में आयोजित कैम्प के माध्यम से भूमि विवादों के निस्तारण की स्थिति का स्थलीय सत्यापन उनके द्वारा एवं अपर जिलाधिकारी द्वारा किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आमजन की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। दिनांक 8 अप्रैल को तहसील मंझनपुर की ग्राम उनो में कैंप का आयोजन कर भूमि विवादों का निस्तारण किया जाएगा।

# 62 करोड रुपए खर्च करके नगर पालिका मंझनपुर का कराया गया विकास

अखंड भारत संदेश




**कौशांबी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर में विकास कार्यो के लिए सरकार से 66 करोड रुपए की रकम मिली थी नगर पालिका के अध्यक्ष वीरेंद्र फौजी और अधिशासी अधिकारी ने सभासदों के प्रस्ताव पर नगर पालिका के विभिन्न वार्डों में रोड और नाली निर्माण में 30 करोड रुपए खर्च करके नगर पालिका का विकास किया है।

इसी तरह से नगर पालिका ने पेयजल आपूर्ति में 15 करोड़ रुपए की रकम खर्च कर दी है नगर पालिका में विद्युतीकरण के नाम 6 करोड रुपए की रकम नगर पालिका ने खर्च कर दी है जिससे नगर पालिका में चारों तरफ विद्युतीकरण दिखाई पड़ रहा है नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न पार्कों के सौंदयीकरण में भी 5 करोड रुपए की रकम नगर पालिका ने खर्च कर दी है।

तालाबों के सौंदयीकरण में भी नगर पालिका ने 6 करोड रुपए की रकम खर्च कर दी है नगर पालिका ने 62 करोड रुपए की रकम खर्च कर नगर पालिका क्षेत्र को सुंदर व्यवस्थित बनाने का प्रयास किया है वर्तमान में नगर पालिका के पास चार करोड रुपए की रकम अवशेष बची है जिसकी कार्य योजना बनाकर आगे नगर पालिका के विकास में खर्च किए जाएंगे मंगलवार को नगर पालिका की बोर्ड की बैठक आयोजित थी जिसमें नगर पालिका में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी अधिशासी अधिकारी ने सभासदों व अन्य लोगों को दी है।

## न्यूज झरोखा

### जिलाधिकारी ने की शिक्षा विभाग के निर्माणाधीन परियोजनाओं के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा




**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने मंगलवार को उदयन सभागार में बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, समाज कल्याण एवं उच्च शिक्षा विभाग के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय एवं मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए प्रोजेक्ट मैनेजर,सी. एंड डीएस को निर्माण कार्य में तेजी से प्रगति लाकर मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय का निर्माण कार्य माह जुलाई, 2026 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।उन्होंने प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत राजकीय विद्यालयों में बाउंड्रीवॉल आदि निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान सहायक अभियंता यूपीसीडको को निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में अतिरिक्त कक्ष आदि के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों को अवशेष निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराकर हैंडओवर करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजकीय महिला महाविद्यालय,मूरतगंज के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान कहा कि निर्माण कार्य में तेजी लाकर समयबद्ध पूर्ण कराई जाए। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित रहने पर अधिशासी अभियंता यूपीसीडको का वेतन रोकने के निर्देश दिए।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### पुलिस अधीक्षक ने की जनसुनवाई फरियादियों की समस्याओं को सुना समाधान हेतु दिए निर्देश




**कौशांबी।** पुलिस कार्यालय कौशाम्बी में दिनांक 07.04.2026 को पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण द्वारा आम जनमानस की समस्याओं के प्रभावी निस्तारण हेतु जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित प्राथर्ना पत्र प्रस्तुत किए,जिन्हें पुलिस अधीक्षक द्वारा अत्यंत ध्यानपूर्वक सुना गया मामलों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना प्रभारियों एवं शाखा प्रभारियों को मौके पर जाकर त्वरित और निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजी न होकर गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए,जिससे पीड़ित व्यक्ति को वास्तविक न्याय और राहत मिल सके। सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत को समयबद्ध तरीके से निस्तारित किया जाए।

### आपातकाल में भी गोपसहसा विद्युत उपकेंद्र का नहीं उठता सरकारी फोन

**कौशांबी।** बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही इस कदर हो गई है कि आपातकालीन में बिजली विभाग के अधिकारियों को उपभोक्ता फोन करता है तो उनका फोन आपातकाल में भी नहीं उठाता है जिससे आपातकालीन समस्याओं का समाधान नहीं हो पाता है खेतों में आग लग जाने के बाद विद्युत कटौती के लिए फोन करने के बाद भी बिजली विभाग के अधिकारियों का फोन नहीं उठाता है जिससे जनता परेशान हो गई है भारतीय किसान यूनियन भानु संगठन के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने किसानों के समस्या को लेकर किसान बैठक के दौरान गोपसहसा विद्युत उपकेंद्र के जे ई को फोन लगाया लेकिन जे ई द्वारा सरकारी फोन नही उठाया गया।और न ही दोबारा पलटा गया जिलाध्यक्ष ने कहा कि कौशाम्बी जिले में विद्युत विभाग भ्रष्टाचार की सीमा को पार कर चुका है।और मौजूदा सरकार को बदनाम करने में लगा है।आम जनता औ? किसान परेशान है।स्मार्ट मीटर लगने के कारण किसान विद्युत बिल को लेकर परेशान होता है।खपत से ज्यादा का बिल आता है।बिल नही जमा होने पर सप्लाई काट दिया जाता है।कौशाम्बी में 90 प्रतिशत जनता किसान है।जिलाध्यक्ष ने जिलाधिकारी से बिल के लिये सप्लाई न काटने की मांग किया है जिलाध्यक्ष ने कहा कि यदि विद्युत विभाग किसानों के साथ खिलवाड़ करेगा तो भानु संगठन विद्युत विभाग का घेराव कर आंदोलन करेगा जिसके जिम्मेदार विद्युत विभाग होगा।

### फार्मर रजिस्ट्री बनने के बाद, किसानों को सरकारी योजनाओं का घर बैठे लाभ मिलेंगा

**कौशांबी।** उप कृषि निदेशक ने अवगत कराया कि सरकार द्वारा किसानों को दी जाने वाली समस्त सुविधाओं के लिए पात्र बनाये जाने एवं सत्यापन के लिए सरकारी विभागों के द्वारा अनावश्यक लगने वाले समय से किसानों को निजात दिलाने के लिए फार्मर रजिस्ट्री, कृषि एवं राजस्व विभागों को गॉव-गॉव कैम्प लगाये जाने के लिए वर्ष 2024 से लगातार प्रयास कर रही है। इस अभियान का यह आखिरी चरण है, जो दिनॉक-06 अप्रैल, 2026 से 15 अप्रैल, 2026 तक कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मियों, राजस्व लेखपाल तथा कृषि सहायक, ए0टी0एम0 एवं बी0टी0एम0 तथा पंचायत सहायकों एवं रोजगार सेवकों द्वारा जनसेवा केन्द्र संचालकों के सहयोग से किसान पहचान पत्र (फार्मर आई0डी0) बनाये जाने के लिए ग्राम सचिवालय/पंचायत भवनों में कैम्प का आयोजन कराया जा रहा है फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों के आधार से कृषक की समस्त भूमि को जोड़ दिया जाता है, जिससे किसी भी सरकारी लाभ को प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन कर विभाग सक्रियता के साथ बिना सत्यापन के कृषकों को सीधे उनके बैंक खातों में अनुदान, फसल बीमा व अन्य कृषि आदानों के लाभ से लाभान्वित करेंगी। उन्होंने किसान भाइयों से अनुरोध किया है कि ससमय अपनी-अपनी फार्मर रजिस्ट्री के लिए अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र अथवा कृषि/पंचायत सहायक अथवा कैम्प आयोजित होने वाले स्थल पंचायत भवन/ग्राम सचिवालय पर पहुँचकर अपना फार्मर आई0डी0 अनिवार्य रूप से बनवायें।

# महिला सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता अभियान में महिलाओं को किया जागरूक

**कोखराज कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापत के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत व्यापक स्तर पर महिला सुरक्षा,नारी सशक्तिकरण एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है इस अभियान के दौरान कोखराज पुलिस टीम पूनम डाली महिला पुलिस कर्मियों के द्वारा ग्रामों,कस्बों,विद्यालयों एवं चौराहों सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा उनकी समस्याओं को सुनते हुए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर अपराध से बचाव महिला संबंधी अपराधों की जानकारी,उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा लागू नवीन आपराधिक कानूनों तथा आत्मरक्षा के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही ह्लगुड टच-बैड टच बाल विवाह रोकथाम,विधिक सहायता एवं महिला सशक्तिकरण से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी जानकारी दी गई।अभियान के अंतर्गत शासन द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गयी, 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 1090 (वीमेन पावर हेल्पलाइन), 181 (महिला

**मिशन शक्ति अभियान के तहत कोखराज क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में महिला पुलिसकर्मियों द्वारा चलाया गया व्यापक अभियान**



हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 1930 (साइबर अपराध हेल्पलाइन) एवं 102 (स्वास्थ्य सेवा) के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। साथ ही महिला हेल्पडेस्क,महिला सहायता केंद्र एवं एंटी रोमियो टीम की कार्यप्रणाली के बारे में भी जानकारी देकर जागरूक किया गया। जनपद के विभिन्न थानों द्वारा संचालित कार्यक्रम में थाना सैनी पुलिस द्वारा ग्राम सैनी में महिला उप निरीक्षक लक्ष्मी सिंह एवं टीम द्वारा बालिकाओं को साइबर अपराध, नवीन कानूनों व हेल्पलाइन नंबरों के संबंध में जागरूक किया गया।थाना महेवाघाट पुलिस द्वारा ग्राम बैरागीपुर में पुलिस टीम द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान,साइबर सुरक्षा एवं महिला अधिकारों के विषय में जानकारी दी गई।थाना करारी पुलिस द्वारा इंद्रा नगर कॉलोनी में महिला पुलिस टीम द्वारा बालिकाओं को साइबर अपराध, महिला सुरक्षा एवं नारी सशक्तिकरण से संबंधित जानकारी प्रदान की गई।थाना सराय अकिल पुलिस द्वारा मदरसा अरबिया फैज उल इस्लाम, आजाद नगर में भ्रमण कर महिलाओं को महिला अपराध, साइबर जागरूकता एवं नए कानूनों के संबंध में जागरूक किया गया तथा समस्याएं सुनकर काउंसिलिंग की गई।पंपलेट वितरण कर साइबर अपराध एवं महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया कोखराज थाना क्षेत्र में महिलाओं को नारी सुरक्षा,स्वावलंबन एवं शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि मिशन शक्ति अभियान के तहत इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम निरंतर संचालित किए जाएं,जिससे महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जा सके तथा वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बन सकें।

# एसडीएम से मुलाकात करने के बाद सरकारी जमीन पर दबंग ने बनाया पक्का मकान

**10 दिन पहले सरकारी जमीन पर कब्जे की शिकायत जिस पर लेखपाल के साथ एसडीएम से मिलने पहुंचा था कब्जा धारक**

कौशांबी। जिले में किसी भी भूमाफियाओं की इतनी औकात नहीं है कि वह बिना तहसील प्रशासन से साठगांठ किए सरकारी जमीन पर खुलेआम कब्जा कर ले भले ही बाद में शासन प्रशासन की फटकार के बाद तहसील के अधिकारी कहते रहे कि उनके संज्ञान में सरकारी जमीन में कब्जा नहीं हुआ है लेकिन हकीकत यह है कि तहसील के अफसर से मिलने के बाद ही सरकारी जमीनों पर कब्जे होते हैं सिराथू तहसील के तुलसीपुर गांव की संख्या 144 बंजर भूमि में दर्ज है जिस पर 12 दिन पहले सोहनलाल पुत्र देशराज ने कब्जा शुरू किया एसडीएम से लेकर डीएम तक ग्रामीणों ने की ग्रामीणों की शिकायत पर एसडीएम ने लेखपाल के जरिए सोहनलाल को तहसील बुलाया घंटे दोनों की बातचीत हुई लेखपाल भी इस बात को स्वीकार करते हैं कि एसडीएम के पास कब्जा करने वाला बैठा था और जमीन कब्जा करने वाले ने एसडीएम के पास बैठ कर बातचीत की है इस बात को लेखपाल भी स्वीकार कर रहे हैं सरकारी जमीन पर दीवार उठाई जा रही थी मामले की शिकायत हुई सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले को एसडीएम ने बुलाया लेकिन एसडीएम से मिलने के बाद कब्जा करने वाले सोहनलाल ने 50 फीट चौड़ा 50 फीट लंबा ढाई हजार स्क्वायर फीट सरकारी जमीन में पक्का मकान का निर्माण कर लिया सरकारी जमीन पर मकान बनाकर मकान के ऊपर छत भी सोमवार को बना ली गई और तहसील के अधिकारी केवल तमाशा देखते रह गए हैं इस संबंध में जब लेखपाल से बात की गई तो उसका कहना है कि कब्जा करने वाला सोहनलाल एसडीएम से मुलाकात करके आया है अप्रत्यक्ष रूप से लेखपाल का कहना है कि एसडीएम ने कब्जा करवाया है राजस्व विभाग का संरक्षण ना मिला हुआ होता तो जमीन कब्जा करने की सोहनलाल की इतनी अधिक औकात नहीं थी कि वह एसडीएम के मना करने के बाद सरकारी जमीन में कब्जा कर लेगा इससे दोहरी चाल चलने वाले अफसर का चेहरा बेनकाब हो रहा है और मामले में सूबे की योगी सरकार ने जांच कराई तो जहां सरकारी जमीन पर बनाए गए पक्के मकान में बुलडोजर चलेगा वहीं सरकारी जमीन कब्जा करवा करके धन वसूली करने वाले तहसील के कर्मचारी लेखपाल कानूनगो की भूमिका की कलई खुल जाएगी।

# तेज रफ्तार कार और सवारियों से भरी ई रिक्शा में टक्कर दो हिस्सों में बंटा ई रिक्शा, आधा दर्जन लोग घायल

**कौशाम्बी।** मोहब्बतपुर पैंसा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है,जहा तेज रफ्तार कार और सवारी लेकर दावत में जा रहे ई रिक्शा में जबरदस्त भिड़ंत हो गई,टक्कर के बाद ई रिक्शा दो हिस्से में बंट गया और ई रिक्शा में सवार लोग सड़को पर इधर उधर बिखर गए,घटना के बाद पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी,सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा और जांच में जुट गई। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के नारा निवासी अब्दुल वहीद पुत्र स्व० अब्दुल जाहिद उम्र 55 वर्ष अपने ई रिक्शा से नारा गांव से सवारी लेकर सैनी थाना क्षेत्र के नगियामई में वारिस के लड़के की शादी के वलीमा कार्यक्रम में जा रहे थे।जैसे ही ई रिक्शा बदबदा मोड पर पहुंचा तभी अचानक एक तेज रफ्तार कार आई और ई रिक्शा से टकरा गई,हादसे में एकलाख उर्फ चांद पुत्र नजावत उम्र 46 वर्ष, सबीना पत्नी मो० महताब उम्र 40 वर्ष, गौसिया पुत्री मो० महताव उम्र 18वर्ष,आरिस पुत्र एकलाख उर्फ चांन्द उम्र 12वर्ष,अलीना पुत्री एकलाख उम्र 8 वर्ष,हीबा पुत्री मो० महताब उम्र 8 माह,ईनमा पुत्री मो0 महताब उम्र 8 वर्ष,सन्नो बेगम पत्नी एकलाख उम्र 40 वर्ष,नगीना पत्नी अफसार उम्र 45 वर्ष,जुबैदा पत्नी अंसार अहमद उम्र 35 वर्ष घायल हो गए।मौके पर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी सिराथू भेजा,जहां हालत नाजुक होने पर सभी को जिला अस्पताल रिफर कर दिया जहां इलाज चल रहा है।

## वारण्टी अभियुक्त को महेवाघाट पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 209/14 धारा 138बी विद्युत अधिनियम थाना महेवाघाट से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त सन्तोष कुमार पुत्र दिनेश गर्ग निवासी कुसुंबा थाना धाता जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।


## बालिका की हत्या का आरोप मुख्य आरोपी हिरासत में

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के ग्राम चक शाहबुद्दीनपुर में युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी बबलू यादव को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।ग्राम निवासी कमला देवी पत्नी त्रिवलोकनाथ पाल द्वारा दिए गए प्राथर्ना पत्र के अनुसार, दिनांक 05 अप्रैल 2026 को सुबह करीब 9 बजे उनकी भैंस आरोपियों के गेहूँ के खेत में चली गई थी, जिसे लेकर विवाद हुआ। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते शाम करीब 4 बजे उनकी पुत्री कुमारी किरन पाल उम्र लगभग 19 वर्ष जब ससुर खदेरी नदी की ओर शौच क्रिया के लिए गई थी,तभी आरोपियों ने मिलकर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी और शव को नदी किनारे बबूल के पेड़ से लटका दिया।मामले में बबलू यादव पुत्र जगत सहित अन्य नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी बबलू यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है,जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पूरे प्रकरण की गहन जांच की जा रही है।

# पश्चिम शरीरा चौराहों पर भीख मांगने को मजबूर नौनिहाल

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** एक तरफ सूबे की सरकार ऑपरेशन कायाकल्प' और 'स्कूल चलो अभियान' के जरिए हर बच्चे के हाथ में किताब और उज्ज्वल भविष्य का सपना संजो रही है,वहीं कौशाम्बी के पश्चिम शरीरा कस्बे की सड़कों पर हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। कस्बे के मुख्य चौराहे और प्रमुख खाने-पीने की दुकानों के पास इन दिनों मासूम बच्चों की फौज हाथों में किताब के बजाय कटोरा थामे नजर आ रही है। भूख से बिलखते ये नौनिहाल आने-जाने वालों के सामने हाथ फैलाते हैं,लेकिन सिस्टम की आंखें जैसे इस कड़वी हकीकत पर 'काली फिल्म' चढ़ाए बैठी हैं दुकानों के बाहर बचपन सिसक रहा है पश्चिम शरीरा चौराहे के पास स्थित चाट, समोसे और मिठाई की दुकानों पर शाम ढलते ही इन बच्चों का जमावड़ा



बचपन' पर सिस्टम की काली फिल्म खाने की दुकानों पर फैला रहे हाथ

शुरू हो जाता है। गंदे कपड़ों में लिपटे,नंगे पांव ये मासूम ग्राहक के पास पहुँचकर भीख मांगते हैं। कई बार दुकानदार इन्हें डांटकर भगा देते हैं,तो कई बार लोग तरस खाकर कुछ पैसे या खाने की चीज दे देते हैं। विडंबना यह है कि इनमें से अधिकांश बच्चे स्कूल जाने की उम्र के हैं,लेकिन पारिवारिक मजबूरी या कथित सिंडिकेट के दबाव में ये इस दलदल में फंसते जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह नजारा रोज़ का है,लेकिन कभी किसी अधिकारी ने इन्हें रेस्क्यू करने या इनके पुनर्वास की कोशिश नहीं की।जनपद पुलिस द्वारा 'मिशन शक्ति' और सुरक्षा के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं,लेकिन क्या इन मासूमों को सुरक्षा और शिक्षा का अधिकार नहीं है? यह एक बड़ा सवाल है पश्चिम शरीरा के जागरूक नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि इन बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए ठोस कदम उठाए जाएं। इन्हें भीख मांगने के दलदल से निकालकर स्कूल पहुँचाया जाए और यदि इनके पीछे कोई संगठित गिरोह है,तो उस पर सख्त कारर्वाई की जाए। वरना, सिस्टम की यह बेरुखी इन नौनिहालों को अपराध के रास्ते पर धकेलने का काम करेगी।

## सम्पादकीय

### चूल्हों में बुझती आग

मिट्टी तेल से लेकर एलपीजी सिलेंडर तक सबकी कालाबाजारी के दिन लौट आए हैं। सरकार ने नियंत्रण का काम छोड़ दिया है। हर दिन पेट्रोलियम मंत्रालय से अधिकारी आकर वक्तव्य पढ़ देते हैं कि कहीं किसी चीज की कमी नहीं है, देश में तेल और गैस का भरपूर भंडार है। कर्तव्य पथ पर बैठे लोग अब इसी तरह कर्तव्य निभाएंगे।

नया वित्तीय वर्ष शुरू होते ही देश में एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में फिर से बढ़ोतरी की गई है। व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर कम से कम 200 रुपये तक और छोटे सिलेंडर यानी एफटीएल सिलेंडर की कीमत अब 51 रुपये तक की बढ़त हुई है। 5 किलोग्राम का एफटीएल (फ्री ट्रेड एलपीजी) सिलेंडर इंडियन ऑयल द्वारा दिए जाने वाला एक छोटा, पोर्टेबल गैस सिलेंडर है, जो ठोस पते के बिना केवल पहचान पत्र के आधार पर मिल जाता है। यानी प्रवासी मजदूरों, छात्रों और रेहड़ी-पटरी लगाने वालों के लिए यह बड़ा सहारा होता है। लेकिन अब वे इस महंगे सिलेंडर को खरीद पाएंगे या नहीं कौन जानता है। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक घरेलू सिलेंडर के दाम बढ़ाने की कोई खबर तो आई नहीं है, लेकिन सरकार का पीछे से आकर धप्पा करने का जो तरीका है, उसमें अब लोगों को एक धक्का और खाने के लिए तैयार रहना चाहिए। वैसे भी इस देश के बहुसंख्यक हिंदुओं को एक धक्का और के जुमले में ही तो भाजपा ने फंसाया है और लोग खुशी-खुशी फंसे भी, क्योंकि उन्हें लगा कि धर्म बचेगा तो हम बचेंगे। अब पता चल रहा है कि पेट की आग तो हिंदू, मुसलमान, ईसाई सबकी एक जैसी ही होती है। पेट की आग अब और भड़केगी, क्योंकि चूल्हों में आग बुझने लगी है। एक अप्रैल की सुबह सिलेंडर की कीमतें बढ़ने की खबर आई, तो मन में विचार उठा काश, ये सरकार का अप्रैल फूल वाला कोई मजाक हो। लेकिन फिर ध्यान आया कि इस सरकार को हास-परिहास से सख्त नफरत है। संघ का प्रशिक्षण ही ऐसा है कि मुस्कुराना गुनाह लगने लगता है। हर समय तने हुए चेहरे और चढ़ी हुई भृकुटियां ही इन्हें पसंद आती हैं। साहब तो मुस्कुराते भी तभी हैं जब वे खुद विदेश में हों या किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष से गलबहियां करते हों। अभी फरवरी में ही देश ने देखा है कि कैसे इजरायल जाकर मोदी इसी बात पर जोर से ठहाके मार रहे थे क्योंकि वहां के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि देखो मेरी पत्नी ने भी भगवा पहना है।

# बुजुर्गों के भरण-पोषण के लिये एक सराहनीय पहल

**-: ललित गर्ग:-**

**भारतीय** संस्कृति में माता-पिता को देवतुल्य माना गया है-ह्लमातृदेवो भव, पितृदेवो भवह्व केवल शास्त्रों की पंक्ति नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक संरचना की आत्मा रही है। इसलिए यह किसी भी सभ्य समाज के लिए अत्यंत शर्मनाक स्थिति है कि जन्म देने और पालन-पोषण करने वाले माता-पिता को जीवन की सांझ में उपेक्षा, अपमान और आर्थिक असुरक्षा का सामना करना पड़े, और उन्हें अपने ही बच्चों से गुजारा भत्ता पाने के लिए कानून और प्रशासन का सहारा लेना पड़े। दुर्भाग्य से यह आज के समय की कठोर वास्तविकता बनती जा रही है। बुढ़ापा अपने आप में एक बड़ी चुनौती है। उम्र बढ़ने के साथ शरीर की क्षमताएं कम होने लगती हैं, बीमारियां बढ़ने लगती हैं और आय के स्त्रोत लगभग समाप्त हो जाते हैं। सेवानिवृत्ति के समय जो थोड़ी बहुत जमा-पूंजी होती है, वह बच्चों की पढ़ाई, शादी-ब्याह और मकान बनाने में खर्च हो जाती है। सरकारी नौकरी करने वालों को पेंशन मिल भी जाती है, लेकिन निजी क्षेत्र या छोटे व्यवसाय से जुड़े लोगों की स्थिति अधिक कठिन हो जाती है। ऐसे समय में यदि बच्चे ही माता-पिता की देखभाल न करें तो यह केवल पारिवारिक विफलता नहीं, बल्कि सामाजिक अपराध की श्रेणी में आता है।

इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए तेलंगाना विधानसभा द्वारा पारित ह्लतेलंगाना कर्मचारी जवाबदेही और माता-पिता सहायता निगरानी विधेयक 2026ह्व एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पहल के रूप में सामने आया है। इस विधेयक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यदि बच्चे अपने माता-पिता की देखभाल नहीं करते, तो उनके वेतन से एक निश्चित राशि काटकर माता-पिता को दी जाए। यह कानून सरकारी कर्मचारियों के साथ-साथ निजी क्षेत्र के कर्मचारियों, सांसदों, विधायकों और स्थानीय निकायों के जनप्रतिनिधियों पर भी लागू होगा। इस प्रकार यह कानून केवल एक कानूनी प्रावधान नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी को कानूनी रूप देने का प्रयास है। हालांकि भारत में पहले से ह्लमाता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007ह्व मौजूद है, लेकिन तेलंगाना का यह नया विधेयक अधिक व्यापक, संवेदनात्मक और प्रभावी माना जा रहा है। इसमें प्रावधान है कि यदि बच्चे माता-पिता की देखभाल नहीं करते, तो शिकायत मिलने पर उनके वेतन से पंद्रह प्रतिशत या दस हजार रुपये (जो भी कम हो) काटकर माता-पिता के खाते में जमा किए जाएंगे। शिकायत का निस्तारण जिला कलेक्टर द्वारा साठ दिनों के भीतर किया जाएगा और इसके लिए वरिष्ठ नागरिक



आयोग का गठन भी किया जाएगा। इस कानून का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि इसमें केवल जैविक माता-पिता ही नहीं, बल्कि सौतेले माता-पिता भी शिकायत कर सकते हैं। यह कानून इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आज भारतीय परिवार व्यवस्था तेजी से बदल रही है। संयुक्त परिवार टूटकर एकल परिवार में बदल चुके हैं और अब तो एक व्यक्ति परिवार की अवधारणा भी विकसित हो रही है। करियर की दौड़, आर्थिक दबाव, शहरी जीवनशैली, सुविधावाद और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की बढ़ती भावना ने परिवार की पारंपरिक संरचना को कमजोर किया है। कई बार माता-पिता को घर से निकालकर वृद्धाश्रम भेज दिया जाता है, और यदि घर में रख भी लिया जाए तो उन्हें उपेक्षा, तिरस्कार और मानसिक पीड़ा सहनी पड़ती है। उनकी दवाइयों, भोजन और देखभाल तक में लापरवाही बरती जाती है। ऐसी परिस्थितियों में यह प्रश्न उठता है कि क्या माता-पिता की सेवा केवल संस्कारों से सुनिश्चित की जा सकती है या इसके लिए कानून की भी आवश्यकता है? आदर्श स्थिति में तो संस्कार ही पर्याप्त होने चाहिए। भारतीय इतिहास और परंपरा में माता-पिता की सेवा के अनेक प्रेरक उदाहरण मिलते हैं। श्रवण कुमार का उदाहरण तो भारतीय संस्कृति में आदर्श पुत्र का प्रतीक बन चुका है, जिसने अपने अंधे माता-पिता को कंधे पर बैठाकर तीर्थ यात्रा करवाई। इसी प्रकार भगवान श्रीराम ने पिता के वचन को निभाने के लिए राजपाट छोड़कर वनवास स्वीकार किया। यह केवल धार्मिक कथाएं नहीं, बल्कि भारतीय समाज की नैतिक संरचना के आदर्श हैं। इतिहास में छत्रपति शिवाजी, महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद जैसे अनेक व्यक्तित्वों के जीवन में भी माता-पिता के प्रति गहरी श्रद्धा और सम्मान देखने को मिलता है। इससे स्पष्ट होता है कि माता-पिता के प्रति सम्मान और सेवा भारतीय संस्कृति की मूल आत्मा रही है। लेकिन आज जब संस्कार कमजोर हो रहे हैं, तब समाज को कानून का सहारा लेना पड़ रहा है। लेकिन इस पूरे विषय को केवल एकतरफा दृष्टि से देखना भी उचित नहीं होगा। यह भी एक सच्चाई है कि कई बार माता-पिता भी बच्चों के प्रति अत्यधिक अनुशासन, नियंत्रण और अपेक्षाओं का दबाव बनाते हैं। वे चाहते हैं कि बच्चे हमेशा उनकी इच्छाओं के अनुसार ही जीवन जिएं, अपने निर्णय स्वयं न लें, विवाह, करियर, जीवनशैली हर चीज में माता-पिता की इच्छा सर्वोपरि रहे। कई बार माता-पिता बच्चों की निजी जिंदगी में अत्यधिक हस्तक्षेप करते हैं, जिससे परिवार में तनाव उत्पन्न होता है। ऐसी परिस्थितियों में बच्चों और माता-पिता के बीच दूरी बढ़ जाती है ।

# फुलवारी में पलता बचपन

**बाबा मायाराम**

**फुलवारी** की सब्जी बाड़ी से कई फायदे सामने आ रहे हैं। एक दो बच्चों के पोषण आहार में हरी ताजी सब्जियां शामिल हुई हैं। दूसरी रासायनिक खेती की जगह जैविक तरीके से सब्जियां उगाई जा रही हैं, जो मिट्टी पानी व पर्यावरण के संरक्षण के लिए जरूरी हैं। लुप्त होते देसी बीजों से सब्जियों उगाई जा रही हैं, जिससे देसी बीजों का संरक्षण व संवर्धन हो रहा है। गांवों में सब्जी बाड़ी की परंपरा को फिर से पुनर्जीवित किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में जन स्वास्थ्य के काम की देश-दुनिया में काफी चर्चा है। यह पहल बिलासपुर के पास गनियारी में चल रही है। करीब ढाई दशक से चलने वाली इस पहल को देखने-समझने में मैं लम्बे अरसे से जाता रहा हूं। यहां न केवल मरीजों का सबसे अच्छा व कम कीमत में इलाज होता है, बल्कि रोगों की रोकथाम के लिए कोशिश भी होती है।

इसके लिए प्राकृतिक खेती से लेकर



पशु स्वास्थ्य का प्रेरणादायक काम हो रहा है, साथ ही महिला समूहों के साथ मिलकर आजीविका व आमदनी बढ़ाने की कोशिशें भी जारी हैं। फिलहाल में यहां छोटे बच्चों के लिए फुलवारी नामक एक कार्यक्रम के बारे में बताना चाहूंगा, जो बहुत ही अनूठा है। जिसमें गांव के छोटे बच्चों के लिए एक झूलाघर की तरह उन बच्चों की देखभाल की जाती है।

फुलवारी एक तरह का झूलाघर है, जिसे बिलासपुर जिले में कार्यरत जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था संचालित करती है। यह संस्था करीब ढाई दशकों से स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्यरत है। संस्था का गनियारी स्थित अस्पताल है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में तीन स्वास्थ्य उपकेन्द्र हैं। इसके साथ ही 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चों के लिए गांवों में फुलवारी केन्द्र चलाए जा रहे हैं।

बिलासपुर जिला बहुत पिछड़ा और गरीब माना जाता है। यहां के लोग पलायन कर दूर-दूर तक काम करने के लिए जाते रहे हैं। बिलासपुरिया नाम से मशहूर इन लोगों को कड़ी मेहनत के बावजूद भी दो वक्त की रोटी नसीब नहीं होती। ऐसे कठिन समय में बच्चों की उचित देखभाल और आहार के प्रति ध्यान देना मुश्किल है। फुलवारी ( झूलाघर) में सब्जी बाड़ी में इससे मदद मिल रही है। फुलवारी का शाब्दिक अर्थ भी फूलों की बगिया होता है। इन फुलवारी केन्द्रों में इस अवधि में स्वादिष्ट, गरम पतले और मुलायम भोजन के साथ बच्चों का खास ध्यान रखने की भी जरूरत होती है। इस सबके मद्देनजर जन स्वास्थ्य सहयोग ने वर्ष 2006 से फुलवारी नामक कार्यक्रम चलाया है जिसमें गांव के 6 माह से लेकर 3 साल तक के बच्चों को रखा जाता है। जहां उन्हें पका पकाया खाना खिलाया जाता है। एक फुलवारी में 10 बच्चों के लिए एक महिला कार्यकर्ता होती है और 10 से ज्यादा बच्चे हुए तो दो महिला कार्यकताओं की नियुक्ति होती है। अब इन्ही कार्यकताओं के द्वारा सब्जी बाड़ी कार्यक्रम चलाया जा रहा है। करहीकछार की महिला कार्यकताओं ने बताया कि फुलवारी में सब्जी बाड़ी ( किचिन गार्डन) लगाई है। जिसमें पालक भाजी, लाल भाजी, मुगलानी भाजी, मैंथी, धनिया, भटा, टमाटर और मिर्ची लगी है। हरी भाजियों को दाल-चावल की खिचड़ी के साथ पकाकर बच्चों को खिलाते हैं। इसे पोषण आहार में शामिल किया जाता है।

# युद्ध को लेकर मोदी का देश को डराने वाला संदेश

**अनिल जैन**

**प्रधानमंत्री ने** युद्ध को लेकर लोकसभा में करीब 35 मिनट का लिखित भाषण दिया। उनका यह भाषण ऐतिहासिक रहा। वह इस मायने में कि प्रधानमंत्री के रूप में उनका संसद में यह पहला लिखित भाषण था। ऐतिहासिक इसलिए भी कि यह पहला मौका रहा जब उन्होंने अपने पूरे भाषण में कांग्रेस या जवाहरलाल नेहरू की कर्कश आलोचना करना तो दूर, उनका नाम तक नहीं लिया। उनका भाषण सराहनीय भी रहा।

देश में जहां भी और जब भी चुनाव होते हैं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दूसरे सारे काम छोड़कर अपनी भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रचार में जुट जाते हैं और इस सिलसिले में वे धार्मिक पर्यटन भी करना नहीं भूलते। उस दौरान वे आम तौर पर विदेश यात्राओं पर भी नहीं जाते हैं और यहां तक कि संसद का सत्र चल रहा होता है तो वे वहां महत्वपूर्ण चचाओं के दौरान भी उपस्थित नहीं रहते। इस बार भी



पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के दौरान वे चुनावी रैलियों में व्यस्त हैं। हालांकि युद्ध शुरू होने के 23 दिन बाद उन्होंने युद्ध को लेकर अपनी खामोशी तोड़ी और चुनावी रैलियों में से कुछ समय चुराकर अपनी सुरक्षा की परवाह किए बगैर 23 मार्च को संसद में नमूदार हुए। प्रधानमंत्री ने युद्ध को लेकर लोकसभा में करीब 35 मिनट का लिखित भाषण दिया। उनका यह भाषण ऐतिहासिक रहा। वह इस मायने में कि प्रधानमंत्री के रूप में उनका संसद में यह पहला लिखित भाषण था। ऐतिहासिक इसलिए भी कि यह पहला मौका रहा जब उन्होंने अपने पूरे भाषण में कांग्रेस या जवाहरलाल नेहरू की कर्कश आलोचना करना तो दूर, उनका नाम तक नहीं लिया। उनका भाषण सराहनीय भी रहा, क्योंकि ईरान पर इजरायल और अमेरिका के हमले के परिणामस्वरूप शुरू हुए युद्ध के 23 दिन बाद ही सही, उन्होंने स्वीकार किया कि इस युद्ध की वजह से भारत के सामने भी चुनौती आ खड़ी हुई है, जिसका हमें एकजुट होकर मुकाबला करना है।

## भदोही में फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य

### बिना पंजीकरण नहीं मिलेगा योजनाओं का लाभ, 15 अप्रैल तक चलेंगे विशेष कैंप

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही। शासन** के निर्देश पर जनपद में किसानों की फार्मर रजिस्ट्री को अनिवार्य कर दिया गया है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने स्पष्ट किया है कि आने वाले समय में केवल पंजीकृत किसानों को ही विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

जिलाधिकारी के अनुसार जिले में कुल 1,66,267 किसानों के सापेक्ष अब तक 1,54,109 किसानों का पंजीकरण पूरा किया जा चुका है, जबकि 12,158 किसानों की रजिस्ट्री अभी बाकी है। इनमें से 8,227 किसानों की खतौनी में त्रुटियों के कारण प्रक्रिया लंबित है, जिन्हें जल्द ठीक कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल से 15 अप्रैल तक सभी ग्राम पंचायतों में विशेष कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। इन कैंपों के माध्यम से शेष किसानों का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में मंगलवार को आयोजित कैंपों में 422 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की गई।

कैंप के दौरान लेखपालों द्वारा खतौनी से संबंधित त्रुटियों को मौके पर ही सुधारकर पंजीकरण पूरा कराया जा रहा है।

## भदोही में मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तैयारी तेज, 10 अप्रैल को जारी होगी नामावली

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** विधानसभा निर्वाचन नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण के तहत 10 अप्रैल को होने वाले अंतिम प्रकाशन को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मंगलवार को विंध्याचल मंडल मीरजापुर के आयुक्त एवं रोल प्रेक्षक राजेश प्रकाश ने कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

बैठक के दौरान उन्होंने मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन से जुड़ी सभी तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की। निर्देश दिया कि नामावली की आवश्यक छायाप्रतियां समय से तैयार कर ली जाएं, ताकि



निर्धारित तिथि पर किसी तरह की समस्या न हो। मंडलायुक्त ने यह भी कहा कि सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची की प्रति उपलब्ध कराई जाए। साथ ही प्रकाशन के दिन सभी मतदेय स्थलों, तहसीलों और जिला निर्वाचन कार्यालय में मतदाता सूची आम जनता के अवलोकन के लिए उपलब्ध रहे, जिससे प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहे।

## अंबेडकर जयंती पर प्रमुख वक्ता के रूप में रमा शंकर राम को आमंत्रण, तैयारियां अंतिम चरण में

**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर । बाबा** साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को लेकर तैयारियां अब अंतिम दौर में पहुंच चुकी हैं। इस अवसर पर अंबेडकर कल्याण समिति की केंद्रीय कार्यकारिणी सुल्तानपुर और दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में बीएसएनएल के प्रधान महाप्रबंधक रमा शंकर राम को प्रमुख वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया है। समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश गौतम व प्रमुख महासचिव डॉ. जयभीम बौद्ध और जिलाध्यक्ष



धर्मराज बौद्ध द्वारा उन्हें औपचारिक रूप से आमंत्रण दिया गया, जिससे आयोजन को और अधिक प्रभावी और प्रेरणादायक बनाने की तैयारी है। आयोजकों का कहना है कि इस बार कार्यक्रम को भव्य और संदेशपूर्ण बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

## जिला कारागार में संदिग्ध मौत: सुरक्षा पर उठे सवाल, न्यायिक जांच की मांग तेज

**अखंड भारत संदेश**

**सुलतानपुर।** जिला कारागार में निरुद्ध एक कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मृतक की पहचान नक्छेद कोरी (48 वर्ष), निवासी थाना धनपतगंज क्षेत्र के रूप में हुई है, जो 25 मार्च 2026 से जेल में बंद था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 6/7 अप्रैल की रात करीब 1:30 बजे कैदी का शव शौचालय में प्लास्टिक की रस्सी से लटका हुआ पाया गया। जेल जैसे उच्च सुरक्षा वाले परिसर में इस तरह की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी तंत्र की पोल खोल दी है। सवाल यह उठ रहा है कि आखिर इतनी कड़ी सुरक्षा के बीच कैदी को आत्महत्या जैसा कदम उठाने का मौका कैसे मिला

इस घटना को लेकर बहुजन अधिकार सेना के राष्ट्रीय कमाण्डर विजय राणा चमार ने कड़ा रुख अपनाते हुए उच्चस्तरीय न्यायिक जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल आत्महत्या नहीं बल्कि गंभीर लापरवाही और मानवाधिकार हनन का प्रतीक है।

## गाजीपुर में पुलिस मुठभेड़: हत्या का आरोपी घायल हालत में गिरफ्तार, हथियार बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। करीमुद्दीनपुर** थाना क्षेत्र में पुलिस ने हत्या के एक मामले का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लग गई, जिसके बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

पुलिस के अनुसार, मंगलवार को थानाध्यक्ष रमेश कुमार पटेल अपनी टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान हत्या के आरोपी शक्ति नारायण राय को पकड़ा गया। पूछताछ में उसकी निशानदेही पर हरदासपुर स्थित एक बगीचे से



हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार—दो बाँस के डंडे और एक कुल्हाड़ी—बरामद किए गए।

बरामदगी के दौरान आरोपी ने एक सिपाही को धक्का देकर भागने की कोशिश की और बगीचे में छिपाए गए अवैध असलहे से पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई, जो आरोपी के दाहिने पैर में लग गई।

घायल आरोपी को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाराचवर भेजा गया, जहां उसका उपचार चल रहा है।

## भदोही में पत्रकार परिषद की समीक्षा बैठक: संगठन की मजबूती पर जोर, वरिष्ठ पत्रकार सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज (भदोही)। राष्ट्रीय** पत्रकार परिषद की भदोही इकाई की समीक्षा बैठक सोमवार को ज्ञानपुर रोड स्थित एक लॉन में आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, पत्रकारों की एकजुटता और वर्तमान समय में पत्रकारिता की चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र उपाध्याय मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ की गई। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य



अतिथि ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और इसकी निष्पक्षता बनाए रखना सभी पत्रकारों की जिम्मेदारी है। उन्होंने संगठन को और अधिक सक्रिय व सशक्त बनाने पर बल दिया। बैठक के दौरान वरिष्ठ पत्रकारों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सभी सदस्यों को मिलकर कार्य करना होगा।

## प्रवेशोत्सव व मेधावी सम्मान समारोह में छात्रों का हुआ उत्साहवर्धन

**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर । उच्च** प्राथमिक विद्यालय हसनपुर द्वितीय में प्रवेशोत्सव एवं राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी रामतीर्थ वर्मा ने मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल एवं पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की योग्यता किसी अमृत से कम नहीं है, लेकिन



अभिभावकों को भी इन विद्यालयों की गुणवत्ता को समझने और उन पर विश्वास करने की आवश्यकता है ।अध्यक्षता हसनपुर के पूर्व प्रधान हनुमत विद्यामंदिर के प्रबंधक इन्द्र नारायण तिवारी ने की। उन्होंने विद्यालय के स्टाफ एवं छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित कर शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार पाण्डेय ने कक्षा 8 उत्तीर्ण मेधावी छात्रा जाहिरा फातिमा को आगे की पढ़ाई के लिए 5000 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की।

# 15 दिन का अल्टीमेटम : अब हर किसान की रजिस्ट्री, नहीं तो अफसर जिम्मेदार

### हर दस्तावेज पर रजिस्ट्री अनिवार्य



फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा बैठक में मौजूद अधिकारीगण

**चित्रकूट।** फार्मर रजिस्ट्री अभियान अब सिर्फ कागजी कवायद नहींए बल्कि प्रशासन की सख्त प्राथमिकता बन चुका है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने जूम के माध्यम से हुई समीक्षा बैठक में स्पष्ट संकेत दे दिए कि अब ढिलाई की कोई गुंजाइश नहीं है। जनपद की तहसीलों में धीमी प्रगति और महज 209 पंजीकरण पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने अधिकारियों को 15 दिनों के भीतर शत.प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने का अल्टीमेटम दे दिया। नेटवर्क बाधाओं को बहाना न बनाते हुए रात्रि में डाटा फीडिंग और आधार सत्यापन के निर्देश दिए गए। जिन किसानों के विवरण में त्रुटियां हैंए उन्हें तत्काल सुधारने और अनुपलब्ध किसानों के कारण दर्ज करने को कहा गया। बड़े ग्राम पंचायतों में अतिरिक्त लेखपाल तैनात कर रफ्तार बढ़ाने की रणनीति भी तय हुई। अब खतौनीए आयए जाति या निवास प्रमाण पत्र बनवाने आने वाले हर किसान की फार्मर रजिस्ट्री जांच अनिवार्य होगीए यहां तक कि गेहूं खरीद केंद्रों पर भी इसकी पुष्टि की जाएगी। जिलाधिकारी ने साफ किया कि मुख्यमंत्री स्तर पर रोजाना समीक्षा हो रही हैए इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। प्रशासनिक सख्ती के बीच यह अभियान अब किसानों के अधिकार और सरकारी योजनाओं की कुंजी बनता नजर आ रहा है।

## जब बेटियों ने पूछा हक, डीएम बोले- खुद बनो ताकत, बदलो तकदीर

**चित्रकूट।** जिले के कलेक्ट्रेट सभागार सोनपुर में मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के तहत हक की बात जिलाधिकारी के साथ व शक्ति संवाद कार्यक्रम ने एक नई ऊर्जा का संचार किया। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार की मौजूदगी में बालिकाओं ने बेझिझक अपने सवाल दागे. मानसिक स्वास्थ्य से लेकर ऑनलाइन उत्पीड़न और शिक्षा सुविधाओं तक। जवाब में डीएम ने साफ कहा कि समाज से ष्आत्मष् हट गया हैए अब खुद को इतना सक्षम बनाओ कि दूसरों को सहारा दे सको। वहीं एसपी ने साइबर अपराधों से सतर्क रहने और 112 हेल्पलाइन के उपयोग का मंत्र दिया। कार्यक्रम में दिव्यांशी ;93 प्रतिशतद्ध और नव्या ;90 प्रतिशतद्ध जैसी बेटियों की सफलता और राजाबेटी व अनीता जैसी महिलाओं की आत्मनिर्भरता की कहानियों ने माहौल को प्रेरणादायी बना दिया। सवालों संवाद और संकल्पों के बीच यह कार्यक्रम सिर्फ बैठक नहीं बल्कि बदलाव की दस्तक बन गया।

# बाबूपुर निवासी अभ्युदय योजना के छात्र दिवाकर सिंह बने समीक्षा अधिकारी, डीएम ने किया सम्मान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले की शांत गलियों से उठी एक उम्मीद ने आज प्रशासनिक गलियारों में अपनी गूंज दर्ज करा दी। 07 अप्रैल को जिलाधिकारी कार्यालय में उस मेहनत को सम्मान मिलाए जिसने मुफ्त कोचिंग की ताकत को साबित कर दिया। ग्राम बाबूपुर के दिवाकर सिंह ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की समीक्षा अधिकारी परीक्षा में सफलता पाकर न केवल अपने परिवारए बल्कि पूरे जिले का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने उन्हें सम्मानित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना सिर्फ योजना नहींए सपनों की उड़ान है। राजकीय जिला पुस्तकालय में संचालित यह कोचिंग अब संघर्षशील युवाओं के लिए उम्मीद का नया दरवाजा बन चुकी है।

डीएम ने निमार्णाधीन जिला सूचना संकुल भवन का निरीक्षण किया चित्रकूट। निमार्णाधीन जिला सूचना संकुल भवन पर मंगलवार को प्रशासन की पैनी नजर तब दिखीए जब जिलाधिकारी पुलकित गर्ग और पुलिस अधीक्षक ने औचक निरीक्षण कर कामकाज की हकीकत परख ली। करीब 484ण्55 लाख की लागत से बन रहे इस भवन में गुणवत्ता को लेकर सख्त तेवर अपनाते हुए डीएम ने ग्रेनाइट से लेकर बिजली फिटिंग तक हर स्तर पर मानक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। टॉयलेट की ढलान जैसी बारीकियों पर भी विशेष जोर देते हुए स्पष्ट कहा गया कि भविष्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। मजदूरों के पंजीकरण और मैनपावर बढ़ाने के निर्देशों के साथ अधूरी बाउंड्री वॉल जल्द पूरी करने की हिदायत दी गई।


अभ्यर्थी को सम्मानित करते जिलाधिकारी

# जिले में स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली आयोजित



शिक्षा जागरूकता हेतु निकाली गई स्कूल चलो रैली में मौजूद अधिकारीगण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले की सड़कों पर आज शिक्षा का हुंकार गूंजाए जब स्कूल चलो अभियान ने जनजागरण की नई इबारत लिखी। जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी की अगुवाई में जीजीआईसी कर्वी से निकली यह रैली महज एक कार्यक्रम नहींए बल्कि भविष्य को संवारने का संकल्प बन गई। बच्चों के जोशीले नारोंए शिक्षकों की प्रतिबद्धता और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी ने माहौल को मिशन में बदल दिया। धनुष चौराहा से कर्वी बाजार तक गूंजती आवाजें एक ही संदेश दे रही थीं. हर बच्चा स्कूल में यही असली विकास की पहचान। 6 से 14 वर्ष के बच्चों के नामांकन को लेकर यह पहल उम्मीद की मशाल बनकर उभरी।

## जिले में विश्व होम्योपैथी दिवस पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

**चित्रकूट।** जिले में विश्व होम्योपैथी दिवस सप्ताह के अवसर पर स्वास्थ्य सेवा का मानवीय चेहरा नजर आया। निदेशक होम्योपैथी उत्तर प्रदेश व जिलाधिकारी के निर्देश पर शिवरामपुर स्थित लाइना बाबा हनुमान मंदिर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाए जहां गठियाए कमर दर्दए गैसए डायबिटीज व चर्म रोग से जूझ रहे 235 मरीजों को जांच के बाद दवाएं दी गईं। डॉ. दिलीप सिंहए,डॉ. शैलेन्द्र सिंह व टीम ने सेवा भाव से उपचार किया। वहीं नादी हनुमान मंदिर पहाड़ी में 106 और राजापुर के गोस्वामी तुलसीदास स्मारक स्थल पर 96 मरीजों को लाभ मिला।

# सदगुरु शिक्षा समिति के विद्यालयों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, 70 छात्र सम्मानित

**चित्रकूट।** जिले के जानकीकुंड में शिक्षाए संस्कार और सफलता का अद्भुत संगम उस समय देखने को मिलाए जब सदगुरु शिक्षा समिति के अंतर्गत संचालित विद्याधाम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं सदगुरु पब्लिक स्कूल का वार्षिक गृह.परीक्षा परिणाम गरिमामय समारोह में घोषित हुआ। परम पूज्य संत रणछोड़दास महाराज की प्रेरणा से संचालित इस आयोजन में मेधा और मेहनत का ऐसा उत्सव सजाए जहां 70 से अधिक छात्र.छात्राओं को स्वर्ण और रजत पदकों से नवाजा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व गुरुदेव के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआए जिसने पूरे माहौल को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। मुख्य अतिथि डॉ ईलेश जैन ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में स्पष्ट कहा कि ध्येयए कड़ी मेहनत और गुरु की प्रेरणा ही सफलता के असली स्तंभ हैं। उन्होंने शिक्षा को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न मानते हुए संस्कारए अनुशासन और नवाचार को विद्यार्थियों की पहचान बताया। मंच पर उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों के बीच मेधावी विद्यार्थियों की उपलब्धियों ने गर्व और उत्साह का वातावरण रचा। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि जब शिक्षा में संस्कार और मार्गदर्शन का संगम होता हैए तब ही भविष्य के जिम्मेदार नागरिक तैयार होते हैंए जो देश और समाज को नई दिशा देने की क्षमता रखते हैं। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी वीरेंद्र शुक्ला, प्राचार्य शंकरदयाल पांडेयए राकेश तिवारी, सुरेन्द्र तिवारी, तुषारकांत शास्त्री, उप.प्राचार्य विनोद पाण्डेय, फूलचंद यादवए अंजलि भटनागरए सीमा चौधरीए ज्योति सिंह सहित उभय विद्यालयों के शिक्षकगण, छात्र.छात्राएं एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।


मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते ट्रस्टी

# स्मार्ट मीटर बना स्मार्ट लूट का हथियार, हर 10 दिन में नया बिल बम

- 15 दिन में हजारों का बिल
- बिना नोटिस बिजली कटौती

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बुंदेलखंड की तपती जमीन से अब एक नई आग उठ रही है. बिजली के स्मार्ट मीटरों की आड़ में आम जनमानस पर कथित बिल बम फोड़ा जा रहा है। एडवोकेट विनय कुमार पाल ने ऊर्जा मंत्री को लिखे पत्र में आरोप लगाया है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली विभाग बिना रीडिंगए बिना सूचना और बिना मैसेज के ही उपभोक्ताओं पर मनमाना बिल थोप रहा है। हालात इतने भयावह हैं कि एक महीने का बिल अब 10.15 दिनों में ही हजारों रुपये पार कर रहा है। खुद शिकायतकर्ता के अनुसार 1630 रुपये जमा करने के महज कुछ दिनों बाद ही 1300 रुपये का नया बिल दिखाकर कनेक्शन काट दिया गया। सवाल है कि जब हर हफ्ते बिल चुकाना पड़ेए तो आम आदमी पढ़ाईए इलाज और रोटी का इंतजाम कैसे करेगा। यह सिर्फ आर्थिक नहींए बल्कि मानसिक उत्पीड़न का भी मामला बनता जा रहा है। यदि जल्द ही इस बिजली तंत्र पर लगाम नहीं लगीए तो यह आक्रोश जनआंदोलन का रूप ले सकता है।

# जिले में 7.9 अप्रैल के लिए मौसम विभाग ने जारी किया येलो व ऑरेंज अलर्ट

- बारिश, आंधी व ओलावृष्टि का अलर्ट
- किसानों को सलाह

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** जिले की फिजाओं में अचानक बेचैनी घुलने लगी है. आसमान के तेवर बदल रहे हैं और मौसम ने मानो चेतावनी की तलवार खींच ली हो। भारत मौसम विज्ञान विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ से मिले संकेतों ने जिले में हलचल मचा दी है। 7 और 8 अप्रैल को जहां हल्की बारिशए बिजली की चमक और तेज झोंकों वाली हवाओं के साथ येलो अलर्ट जारी किया गया हैए वहीं 8 और 9 अप्रैल को हालात और ज्यादा बिगड़ने के आसार हैंए जिसके चलते ऑरेंज अलर्ट ने किसानों की धड़कनें तेज कर दी हैं। ग्रामीण कृषि मौसम सेवा और दीनदयाल शोध संस्थान के कृषि विज्ञान केंद्र गनीवा के मौसम पर्यवेक्षक अंकुर त्रिपाठी ने साफ चेताया है कि लापरवाही भारी पड़ सकती है। खेतों में खड़ी फसलें अब मौसम की मार झेलने के मुहाने पर हैंए इसलिए वैज्ञानिकों ने छिड़काव रोकनेए जल निकासी दुरुस्त रखने और पकी फसलों को तुरंत सुरक्षित करने की सलाह दी है। पशुपालकों को भी सतर्क रहने की हिदायत दी गई है। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि खराब मौसम में अनावश्यक यात्रा से बचें. क्योंकि यह सिर्फ मौसम नहीं एक संभावित संकट की दस्तक है।

## डीएम की अध्यक्षता में पोषण योजनाओं की समीक्षा, कई अहम निर्णय

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी की सख्त निगरानी में मंगलवार को जिला पोषण समिति की बैठक ने साफ संकेत दे दिया कि अब आंगनवाड़ी व्यवस्था कागजों से निकलकर जमीन पर उतरेगी। हर दिन केन्द्र खुलने की ऑनलाइन फीडिंगए 3 से 6 वर्ष के बच्चों की 100 प्रतिशत उपस्थिति और प्रारंभिक शिक्षा पर जोर ने सिस्टम को कसने की तैयारी दिखा दी है। मुख्य सेविकाओं को निगरानी की कमान दी गई हैए जबकि पेयजलए बिजलीए शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की वास्तविक रिपोर्टिंग अनिवार्य कर दी गई। नीति आयोग फंड से बन रहे केन्द्रों को 15 दिन में पूरा करने का अल्टीमेटम भी दे दिया गया। जिन आंगनवाड़ियों के पास भवन नहींए उन्हें स्कूलों में शिफ्ट करने का फैसला प्रशासनिक सक्रियता का संकेत है। आंकड़े बताते हैं कि कुपोषण में गिरावट आई हैए लेकिन सवाल अब भी कायम है. क्या यह सुधार स्थायी होगा या फिर सिर्फ बैठकों तक सीमित रह जाएगा।

## रैपुरा थाना क्षेत्र में छेड़खानी का मामला, दोनों पक्षों में विवाद

**चित्रकूट।** जिले के रैपुरा थाना क्षेत्र में रिश्तों की मयार्दा पर सवाल खड़ा करने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया हैए जहां एक महिला ने अपने सगे जीजा पर छेड़खानी का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी आशुतोष तिवारी के मुताबिक शिकायत के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गई है। वहीं दूसरा पक्ष इसे पुरानी रंजिश का परिणाम बताते हुए आरोपों को सिरे से खारिज कर रहा है। दिलचस्प यह कि दोनों बहनों के बीच पहले से चले आ रहे विवाद ने इस मामले को और भी उलझा दिया है।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जिला कारागार रगौली में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

### जेल में 98 कैदियों की स्वास्थ्य जांच

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले की बंद सलाखों के पीछे विश्व स्वास्थ्य दिवस पर इंसानियत की एक नई रोशनी जगमगाईए जब मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर जिला कारागार रगौली में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। जहां आमतौर पर सन्नाटा और सख्ती हावी रहती हैए वहीं आज डॉक्टरों की टीम ने कैदियों के दर्द को सुना और उन्हें राहत दी। 98 कैदियों की विशेषज्ञों द्वारा जांच कर दवाइयां वितरित की गईंकृकिसी की आंखों में धुंध थीए तो कोई मानसिक तनाव से जूझ रहा थाए तो कोई हड्डियों के दर्द से कराह रहा था। 12 दिव्यांग कैदियों की पहचान कर उन्हें सरकारी पहचान दिलाने की प्रक्रिया शुरू की गईए जिसमें कुछ को आगे इलाज के लिए रेफर भी किया गया। इस दौरान जेल परिसर में तंबाकू के खिलाफ भी सख्त संदेश दिया गया कि यह धीमा जहर जीवन को समय से पहले निगल जाता है। जेल अधीक्षक की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर ने यह साबित कर दिया कि सुधार की राह सिर्फ सजा से नहीं बल्कि संवेदना और स्वास्थ्य से भी होकर गुजरती है।



स्वास्थ्य शिविर में मौजूद अधिकारीगण

## डीएम ने पुरानी कोतवाली सहित शहर के प्रमुख पार्कों व स्थलों के विकास की योजना पर जोर

**चित्रकूट।** शहर की तस्वीर बदलने की कवायद अब कागजों से निकलकर जमीन पर उतरती दिख रही है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने जब तुलसी पार्कए धूस मैदान पार्कए पुरानी कोतवाली परिसर और तहसील पार्क का आर्किटेक्ट टीम के साथ औचक निरीक्षण कियाए तो मानो वर्षों से सोई व्यवस्थाओं की नींद टूट गई। तुलसी पार्क में जर्जर बाउंड्रीवालए बंदरों के आतंक और बंद पड़े फाउंटेन पर सख्ती दिखाते हुए डीएम ने साफ कहा. अब लापरवाही नहीं चलेगी। पार्कों को थीम बेस्ड पेंटिंगए आकर्षक गेट और मजबूत फुटपाथ से सजाने का खाका तैयार हो चुका है। धूस मैदान पार्क में भी सौंदर्यीकरण की नई पटकथा लिखी जा रही हैए वहीं अस्थायी सब्जी मंडी को हटाने का आदेश देकर प्रशासन ने अतिक्रमण पर सीधा प्रहार किया। पुरानी कोतवाली परिसर में बिखरी अव्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए तीन दिन में बिजली विभाग का सामान हटाने की चेतावनी दी गईए वरना कार्रवाई तय है। यहां ओपन जिमए वॉक ट्रैक और कैफे के साथ एक आधुनिक स्पेस विकसित करने की योजना भी सामने आई है। तहसील पार्क को हेल्दी सिटी मॉडल में ढालने की तैयारी है।

# मऊ में शिक्षा जागरूकता वाहन को हरी झंडी, नामांकन पर जोर

**मऊ/चित्रकूट।** जिले की धरती पर शिक्षा का अलख जगाने निकला एक ऐसा कारवां जो सिर्फ एक वाहन नहीं बल्कि भविष्य की नई सुबह का संदेश लेकर सड़कों पर दौड़ पड़ा। जिलाधिकारी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशों के तहत 7 अप्रैल को मऊ तहसील से जन.जागरूकता वाहन को उपजिलाधिकारी राम ऋषि रमन श्रीमती पूजा गुप्ता और खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण दत्त पाण्डेय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान गांव.गांवए गली.गली पहुंचकर अभिभावकों को सरकारी स्कूलों में मिल रही सुविधाओं का आईना दिखा रहा है। छिपीहा, मैदाना, गेरूहा, डाक बंगला, यमुना रोड और बौसड़ा जैसे इलाकों में जब यह वाहन पहुंचा, तो शिक्षा का संदेश मानो हर दरवाजे पर दस्तक देने लगा। नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी ने भी इस मुहिम को जन.आंदोलन बनाने की अपील करते हुए अभिभावकों से बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने की गुहार लगाई। शिक्षकों और शिक्षा विभाग के कर्मियों की मौजूदगी ने इस अभियान को और मजबूती दी। इस मौके पर नगर पंचायत मऊ के कंपोजिट विद्यालय मऊ के सहायक अध्यापक आलोक गर्गए अखिलेश मिश्रा एआरपी मऊ समेत अन्य उपस्थित रहे।


जागरूकता अभियान में मौजूद अधिकारीगण

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लाभान्वित

**चित्रकूट।** जिले की धरा पर विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर सेवा और संवेदना का ऐसा संगम दिखाए जिसने गांव अरछा बरेठी को उम्मीदों की नई रोशनी दे दी। विकास पथ सेवा संस्थानए जानकी नेत्र चिकित्सालयए द हंस फाउंडेशन और डाबर इंडिया लिमिटेड के संयुक्त प्रयास से आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने उपचार पाया। किसी को आंखों की रोशनी मिलीए तो किसी को बेहतर जीवन की राह। करीब 100 लोगों को चश्मे और 10 मरीजों को ऑपरेशन हेतु भेजा गया। यह शिविर सिर्फ इलाज नहींए बल्कि स्वस्थ रहें मस्त रहें का जनआंदोलन बन गया।

## बरगढ़ पॉलिटेक्निक में पूल कैंपस प्लेसमेंटए 22 छात्रों का चयन



**बरगढ़/चित्रकूट।** क्षेत्र में 7 अप्रैल का दिन तकनीकी शिक्षा के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में दर्ज हो गयाए जब गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में आयोजित पूल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव ने युवाओं के सपनों को नई उड़ान दी। कानपुर और मानिकपुर जैसे संस्थानों से आए छात्र.छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लियाए जहां ऑटोमोबाइल सेक्टर की प्रतिष्ठित कंपनी मान हम्मस फिल्टर्स प्राइवेट लिमिटेड ने प्रतिभाओं को परखा। एचआर मैनेजर ऋतुराज और प्रोडक्शन मैनेजर विनोद कनौजिया ने चयन प्रक्रिया के दौरान छात्रों को तकनीकी दुनिया की बारीकियों से रूबरू कराया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच 21 छात्र और 1 छात्रा ने 2.41 लाख के पैकेज पर सफलता का परचम लहराया। प्रधानाचार्य एसके वैश्य के नेतृत्व और प्लेसमेंट टीम के समर्पण ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दियाए जो युवाओं के भविष्य को नई दिशा देने वाला साबित हुआ।

# दुश्मन की सीमा में कैसे घुसी अमेरिकी सेना? ट्रंप ने बताया ईरान से पायलट रेस्क्यू का पूरा सच

**अमेरिका**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पुष्टि की है कि अमेरिका ने अपने लापता ऋ15ए फाइटर जेट के पायलट को सुरक्षित बचा लिया है। गौरतलब है कि पिछले दिनों ईरान ने अमेरिका के इस लड़ाकू विमान को मार गिराया था। इस हादसे के बाद एक पायलट को पहले ही बचा लिया गया था, जबकि दूसरा लापता था। अमेरिकी सेना उसे ढूंढने के लिए लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही थी।

राष्ट्रपति ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा, 'हमने उसे बचा लिया! मेरे प्यारे देशवासियों, पिछले कुछ घंटों में हमारी सेना ने इतिहास के सबसे साहसी बचाव अभियानों में से एक को अंजाम दिया है। हमारे क्रू के एक बेहतरीन सदस्य, जो एक सम्मानित कर्नल भी हैं, अब पूरी तरह सुरक्षित और सही-सलामत हैं।'

दुश्मन के इलाके में कैसे चला ऑपरेशन?

ट्रंप के अनुसार, अमेरिकी पायलट ईरान के खतरनाक पहाड़ों में दुश्मन की सीमा के पीछे फंसा हुआ था और ईरानी सैनिक लगातार उसका पीछा कर रहे थे। राष्ट्रपति ने बताया कि वह पायलट वहां अकेला नहीं था, कमांडर-इन-चीफ, युद्ध सचिव और जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन चौबीसों घंटे उसकी लोकेशन पर नजर रख रहे थे। ट्रंप के निर्देश पर दर्जनों घातक विमानों को रेस्क्यू के लिए भेजा गया। पायलट को कुछ चोटें आई हैं, लेकिन वह जल्द स्वस्थ हो जाएगा।

सैन्य इतिहास की पहली अनोखी उपलब्धि

राष्ट्रपति ट्रंप ने इस मिशन को 'चमत्कारी' बताया। उन्होंने कहा कि सैन्य इतिहास में यह पहली बार हुआ है जब दो पायलटों को दुश्मन के इलाके के काफी भीतर से दो अलग-अलग अभियानों में सुरक्षित निकाला गया है। उन्होंने साफ कहा कि



अमेरिका अपने किसी भी सैनिक को पीछे नहीं छोड़ेगा। इस पूरे मिशन के दौरान किसी भी अमेरिकी सैनिक को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है और अमेरिका ने ईरान के आसमान में अपना दबदबा साबित कर दिया है।

पूरे देश के लिए गर्व का क्षण

राष्ट्रपति ने अपील की कि यह सभी अमेरिकियों के लिए एकजुट होने और गर्व करने का समय है, चाहे वे किसी भी राजनीतिक दल से हों। उन्होंने कहा कि अमेरिका के पास दुनिया की सबसे पेशेवर और ताकतवर सेना है। उन्होंने अपने संबोधन का अंत ईश्वर अमेरिका और हमारे सैनिकों की रक्षा करे के साथ किया।

ईरान की चुप्पी

फिलहाल ईरान की ओर से पायलट के रेस्क्यू को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

वहीं अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि बचाव दल अभी भी ईरान से बाहर निकलने की प्रक्रिया में है, इसलिए तकनीकी रूप से यह अभियान अभी भी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है।

# बलोचों का ऐलान, अगर हुए आजाद तो भारत को देंगे 3 जबरदस्त चीजें !

**बलूचिस्तान**

**अमेरिका** ने हाल फिलहाल में जिस कीमती चीज के लिए वेनेजुएला और ईरान पर हमला किया वो चीज अगर बलूचिस्तान बड़े ही आराम से भारत को दे दे तो सोचिए क्या होगा। यह कीमती चीज तेल है। तेल के लिए चल रही जंग के बीच बलूचों का वो ऐलान आज फिर चर्चा में है जिसमें बलूचों ने कहा था कि अगर हम पाकिस्तान से आजाद हो गए तो हम भारत को तीन बड़ी चीजें दे सकते हैं। बलूचों ने अपनी आजादी में भारत की मदद के बदले भारत को ही एक बहुत शानदार ऑफर दिया था। हैरानी की बात देखिए कि बलूच भारत को जो चीज देना चाहते हैं वही चीज अमेरिका पाकिस्तान की मदद से बलूचिस्तान से छीनना चाहता है। बलूचिस्तान के मशहूर एक्टिविस्ट मीरया बलोच ने कुछ समय पहले बलूचिस्तान और दुनिया के अलग-अलग कोने में रहने वाले 6 करोड़ बलूचों की तरफ से भारत को एक बड़ा ऑफर दिया था।

मीरियार बलोच ने बताया था कि अगर हम पाकिस्तान से आजाद हो गए तो भारत को यह तीन चीजें देंगे। सबसे पहले मीरियार बलोच ने बताया कि आजाद बलूचिस्तान में भारत को सबसे बड़ा फायदा ऊर्जा और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में मिलेगा। बलूचिस्तान में नेचुरल रिसोर्सेज के भंडार है। बलूचिस्तान में तेल भी है और गैस भी। बलूचिस्तान क्रिटिकल मिनरल्स से भी भरा हुआ है। बलूचिस्तान की जमीन के नीचे अरबों डॉलर का खजाना छुपा है। सोचिए अगर बलूचिस्तान पाकिस्तान से आजाद हो गया और भारत को किया गया पहला वादा पूरा कर दिया तो भारत को कितना बड़ा फायदा मिलेगा।

# पाकिस्तान की नई गीदड़भभकी

## पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कोलकाता को निशाना बनाने की धमकी दी


**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** की ओर से भारत को दी जाने वाली धमकियों की फेहरिस्त में अब कोलकाता का नाम भी शामिल हो गया है। हमेशा की तरह, ये धमकियां बिना किसी ठोस सबूत के और केवल बड़े-बड़े दावों के आधार पर दी गई हैं। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने शनिवार को चेतावनी दी कि भविष्य में होने वाला कोई भी युद्ध केवल सीमा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि भारत के काफी अंदर तक पहुंच सकता है। उन्होंने विशेष रूप से कोलकाता को संभावित निशाना बताया।

'फॉल्स फ्लैग ऑपरेशन' का बिना सबूत आरोप

सियालकोट में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ख्वाजा आसिफ ने कहा, 'अगर इस बार भारत कोई फॉल्स फ्लैग ऑपरेशन करने की कोशिश करता है, तो इंशाअल्लाह, हम जवाब को कोलकाता तक ले जाएंगे।'

आसिफ ने बिना किसी प्रमाण के दावा किया कि उन्हें एक साजिश के संकेत मिले हैं, जिसमें भारत अपने ही लोगों या हिरासत में मौजूद पाकिस्तानियों का इस्तेमाल कर सकता है और इसका इल्जाम



आतंकवाद पर मढ़ सकता है।

घरों में घुसकर हमला करेंगे

धमकी का लहजा और कड़ा करते हुए आसिफ ने कहा कि टकराव का अगला दौर पिछले सभी मुकाबलों से कहीं ज्यादा गंभीर होगा। उन्होंने कहा, 'अगर उन्होंने दोबारा ऐसी कोशिश की, तो उन्हें पहले से भी ज्यादा शर्मिंदगी झेलनी पड़ेगी। इस बार टकराव सिर्फ 200-250 किलोमीटर तक सीमित नहीं रहेगा। हम उनके इलाके में घुसेंगे और उनके अपने घरों के अंदर घुसकर उन पर हमला करेंगे।'

पाकिस्तानी रक्षा मंत्री की यह टिप्पणी वहां के सत्ता-प्रतिष्ठान की उसी पुरानी मानसिकता को दर्शाती है, जिसमें वे युद्ध के दायरे को पूरब की ओर बढ़ाने की बात करते रहे हैं, हालांकि जमीनी हकीकत में वे इसके सक्षम नहीं दिखे हैं।

भारत का दोटूक जवाब

पाकिस्तान की यह बौखलाहट भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के उस कड़े संदेश के बाद आई है, जिसमें उन्होंने किसी भी दुस्साहस पर कार्रवाई की बात कही थी। केरल में एक कार्यक्रम के दौरान राजनाथ सिंह ने अप्रैल 2025 में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत की सैन्य कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा था, 'मैं आपको बताना चाहूंगा कि वह ऑपरेशन अभी खत्म नहीं हुआ है। अगर पाकिस्तान दोबारा ऐसी घिनौनी हरकतें करता है, तो हमारी सेना उसे ऐसा करारा जवाब देगी, जिसे वे जिंदगी भर नहीं भूल पाएंगे।'

# क्या डोनाल्ड ट्रंप अस्पताल में भर्ती हैं? पुराने वीडियो से फैली गलतफहमी

**अमेरिका**

अमेरिका और इजरायल के साथ जारी तनाव के बीच शनिवार को सोशल मीडिया पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सेहत को लेकर अफवाहों का बाजार गर्म हो गया। इंटरनेट पर दावा किया गया कि किसी अज्ञात मेडिकल इमरजेंसी के चलते ट्रंप को तुरंत वॉल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर ले जाया गया है। हालांकि, जांच के बाद इन दावों को पूरी तरह से फर्जी और बेबुनियाद पाया गया है।

पुराने वीडियो से फैली गलतफहमी

इन अटकलों को हवा राष्ट्रपति के काफिले के एक पुराने वीडियो से मिली। दरअसल, यह वीडियो साल 2024 में बटलर में हुए हमले के समय का था, जिसे वर्तमान का बताकर शेयर किया गया। व्हाइट हाउस ने स्पष्ट किया है कि राष्ट्रपति ट्रंप कहीं नहीं गए हैं और उन्होंने अपना पूरा वीकेंड ओवल ऑफिस में कामकाज निपटाते हुए बिताया है।

कैसे शुरू हुआ भ्रम का सिलसिला?

भ्रम की शुरूआत तब हुई जब व्हाइट हाउस ने सुबह 11:08 बजे (एळ) प्रेस लिड की घोषणा की। यह एक सामान्य प्रशासनिक सूचना होती है, जिसका अर्थ है कि उस दिन राष्ट्रपति का कोई और सार्वजनिक कार्यक्रम नहीं है। लेकिन एक्स पर एक बिना पुष्टि वाली पोस्ट में दावा कर दिया गया कि राष्ट्रपति अस्पताल में हैं और सड़कें बंद कर दी गई हैं। ग्रोक एआई और फैक्ट-चेकर्स ने तुरंत पहचान लिया कि वायरल क्लिप जुलाई 2024 की है।

क्या होता है प्रेस लिड?

अमेरिकी राष्ट्रपति के संदर्भ में प्रेस लिड का मतलब पत्रकारों के लिए एक संकेत होता है। इसके जरिए प्रेस ऑफिस बताता है कि अब




दिनभर कोई नई खबर या सार्वजनिक गतिविधि नहीं होगी, इसलिए मीडियाकर्मी अपनी ऑन-साइट कवरेज खत्म कर सकते हैं। कुछ लोगों ने इसी सामान्य विराम को बड़े संकट का संकेत मान लिया और अफवाहें फैला दीं।

# अमेजन एयरलाईनस ने बढ़ाया चार्ज, महंगाई बेकाबू

**अमेरिका**

**ईरान** के खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सैन्य कार्रवाई अब खुद अमेरिका के लिए सिरदर्द बनती दिख रही है। युद्ध की वजह से अमेरिका में महंगाई तेजी से बढ़ने लगी है, जिसका सीधा असर आम नागरिकों की जेब पर पड़ रहा है। ईंधन की बढ़ती कीमतों की भरपाई के लिए दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने अपनी डिलिवरी पर एक्स्ट्रा चार्ज लगाने की घोषणा की है। वहीं, कई एयरलाइन कंपनियों ने भी सामान ले जाने की फीस बढ़ा दी है।

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में



भारी उछाल

अमेरिकी परिवहन संघ के ताजा आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार को पेट्रोल की औसत कीमत 4.09 डॉलर प्रति गैलन तक पहुंच गई है। यह युद्ध शुरू होने से ठीक पहले की तुलना में एक डॉलर से भी ज्यादा की बढ़ोतरी है, जो अगस्त 2022 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है।

डीजल की हालत और भी खराब है। पिछले साल जो डीजल 3.64 डॉलर था, वह अब बढ़कर 5.53 डॉलर प्रति गैलन हो गया है। डीजल की कीमतों में इस उछाल का सीधा असर खेती, निर्माण और ट्रांसपोर्ट सेक्टर पर पड़ेगा।

अमेरिकी डाक सेवा का झटका

बढ़ती लागत को देखते हुए अमेजन 17 अप्रैल से अपने सेलर्स पर 3.5 प्रतिशत का फ्यूल सरचार्ज लगाने जा रही है।

इसी तरह, अमेरिकी डाक सेवा ने भी अस्थाई रूप से 8 प्रतिशत सरचार्ज लगाने का प्रस्ताव रखा है। यदि मंजूरी मिली, तो यह 26 अप्रैल से लागू होकर जनवरी 2027 तक जारी रह सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह युद्ध लंबा खिंचा, तो अमेरिका की सप्लाई चेन पूरी तरह चरमरा सकती है।

अभी और बढ़ेगी महंगाई?

आर्थिक मामलों की जानकार रैशल जिएम्बा का कहना है कि यह एक ग्लोबल मार्केट है और अमेरिका इस महंगाई से बच नहीं पाएगा। उनके अनुसार, एक्सपर्ट्स की चिंता अब पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गई है।

# ट्रम्प के दावे और तेहरान की हकीकत में कितना फर्क?

**अमेरिका**

**ईरानी** मीडिया की रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने दावा किया है कि एक अमेरिकी फाइटर जेट के क्रू मेंबर को बचाने के लिए चलाए गए रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान भारी नुकसान हुआ है। इस सैन्य कार्रवाई में कम से कम पांच लोगों के मारे जाने और कई उड़ने वाली चीजों के नष्ट होने की खबर है, जिनमें एक अमेरिकी ट्रांसपोर्ट विमान भी शामिल है। ईरानी सशस्त्र बलों के खातम अल-अंबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर के प्रवक्ता के अनुसार,



इस्फहान के दक्षिण में एक उ-130 मिलिट्री ट्रांसपोर्ट प्लेन और दो ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टरों को निशाना बनाया गया। इसके अलावा, ईरानी सेना ने एक इजरायल के ड्रोन को भी मार गिराने का दावा किया है। सेना की सेंट्रल कमान ने एक बयान जारी कर कहा कि दुश्मन के घुसपैठ करने वाले विमान अब जल रहे हैं और अमेरिका का यह बचाव अभियान पूरी तरह 'विफल' रहा है।

ट्रम्प ने ऑपरेशन को बताया ऐतिहासिक

दूसरी ओर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट के जरिए अलग ही जानकारी साझा की। ट्रम्प के मुताबिक, दो दिनों से लापता एक अमेरिकी कर्नल को सुरक्षित बचा लिया गया है। उन्होंने इसे अमेरिका के इतिहास के सबसे 'साहसी ऑपरेशनों' में से एक बताया। ट्रम्प ने कहा कि हालांकि कर्नल घायल हैं, लेकिन वह जल्द ही ठीक हो जाएंगे।

ईरानी इलाके के काफी अंदर घुसकर चलाया गया अभियान

अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रम्प के निर्देश पर लापता पायलट को बचाने के लिए दर्जनों घातक लड़ाकू विमान और सैकड़ों विशेष अभियान सैनिक ईरानी सीमा के काफी अंदर तक गए। बता दें कि शुक्रवार को ईरान ने एक अमेरिकी ऋ15ए स्ट्राइक ईगल विमान को मार गिराया था। इसमें सवार दो अधिकारियों में से एक को तुरंत बचा लिया गया था, जबकि दूसरा लापता था।


डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि सुरक्षा कारणों से इस दूसरे रेस्क्यू ऑपरेशन की पुष्टि पहले नहीं की गई थी। उन्होंने गर्व से कहा, 'अमेरिकी सेना के इतिहास में यह पहली बार है जब दो पायलटों को दुश्मन के इलाके के इतने अंदर से अलग-अलग बचाया गया है।

# ईरान को ठहराया जिम्मेदार

**ईरान**

**बहरीन** की एक प्रमुख तेल रिफाइनरी पर रविवार को बड़ा हमला हुआ, जिससे वहां के स्टोरेज टैंक में भीषण आग लग गई। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में रिफाइनरी से आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार उठता देखा जा सकता है।

ईरानी सरकारी मीडिया द्वारा जारी एक फुटेज में हमले का लाइव मंजर कैद हुआ है। वीडियो में दिख रहा है कि आसमान से एक वस्तु बेहद तेज रफ्तार में नीचे आती है और सीधे रिफाइनरी के स्टोरेज इंफ्रास्ट्रक्चर से टकराती है। टक्कर के चंद सेकंड के भीतर ही वहां एक विशाल आग का गोला



बन गया।

आरटी न्यूज द्वारा साझा किए गए एक अन्य वीडियो में रिफाइनरी के ऊपर काले धुएं की मोटी चादर बिछी नजर आ रही है, जो हमले की भयावहता को बयां कर रही है। हालांकि, इन वीडियो की सत्यता की अभी तक स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो पाई है।

बापको एनर्जीज ने एक आधिकारिक बयान जारी कर पुष्टि की है कि उसके एक स्टोरेज टैंक में आग लगी थी।

# 30 देशों ने खाली कर दी अमेरिका की तिजोरी

**जर्मनी**

**दुनिया** की बदलती राजनीति और बढ़ते युद्ध के माहौल के बीच अब एक नई होड़ शुरू हो गई है सोना वापस लेने की होड़। अमेरिका में डॉन्ड ट्रंप की वापसी के बाद यूरोपीय देशों को भरोसा धीरे-धीरे कम होता नजर आ रहा है और इसका असर अब उनके गोल्ड रिजर्व पर भी देखने को मिल रहा है। अमेरिका के पास दुनिया का सबसे बड़ा सोने का भंडार है करीब 8133 टन का। लेकिन खास बात यह है कि इसमें सिर्फ उसका अपना ही नहीं बल्कि 30 से ज्यादा देशों का भी सोना सुरक्षित रखा गया है। दशकों से अमेरिका ने इस सोने को संभाल के रखा है। लेकिन अब इस पर सवाल उठने लगे हैं। जर्मनी जो दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गोल्ड रिजर्व रखने वाला देश है उसका करीब 1236 टन सोना अमेरिका में रखा गया है। इसके अलावा इटली का 1060 नीदरलैंड, फ्रांस और अन्य देशों का भी एक बहुत बड़ा हिस्सा अमेरिकी तिजोरियों में है। अब यह धीरे-धीरे अपना सोना वापस लेने की तैयारी में है। दरअसल यह परंपरा 1950 के दशक से चल रही है। उस समय यूरोप और अमेरिका के बीच बड़े स्तर पर व्यापार होता था और सोने को सुरक्षित रखने के लिए अमेरिका सबसे भरोसेमंद जगह माना जाता था। न्यूयॉर्क वैश्विक व्यापार का केंद्र बन चुका था जिससे सोने का लेनदेन भी बेहद आसान हो जाता था।

# अमेरिकी मीडिया फैला रहा है झूठ

**ईरान**

**ईरान** और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के बीच कूटनीतिक हलचल तेज हो गई है। इस दौरान ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने इस्लामाबाद में बातचीत से इनकार की खबरों को सिरे से खारिज कर दिया है और पाकिस्तान द्वारा किए जा रहे शांति प्रयासों की सराहना की है।

सैयद अब्बास अराघची ने उन मीडिया रिपोर्ट्स का खंडन किया, जिनमें दावा किया गया था कि ईरान अमेरिका के साथ बातचीत के लिए इस्लामाबाद जाने को तैयार नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि तेहरान का रुख बातचीत की शर्तों पर निर्भर करेगा। इसी सिलसिले में शनिवार देर रात अराघची ने पाकिस्तान के विदेश



मंत्री इशाक डार से फोन पर विस्तृत चर्चा की। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय हालात पर विचार-विमर्श किया और भविष्य में भी संपर्क बनाए रखने पर सहमति जताई। इशाक डार ने दोहराया कि समस्याओं का स्थायी समाधान केवल बातचीत और कूटनीति से ही संभव है।

मीडिया रिपोर्ट्स पर उपजा विवाद

बातचीत से पहले सैयद अब्बास अराघची ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी बात रखी। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिकी मीडिया ईरान के रुख को गलत तरीके से पेश कर रहा है। अराघची ने कहा कि ईरान ने कभी भी इस्लामाबाद जाने से मना नहीं किया और वह पाकिस्तान की मध्यस्थता के लिए उनका आभारी है।

दरअसल, कुछ खबरों में कहा गया था कि ईरान आखिरी वक्त में इस्लामाबाद वार्ता से पीछे हट गया है। इन अटकलों पर विराम लगाते हुए ईरानी विदेश मंत्री ने सफाई दी, जिस पर इशाक डार ने भी सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए उनका धन्यवाद किया।

इजरायल का रुख सख्त

एक तरफ जहां ईरान और पाकिस्तान बातचीत के जरिए हल निकालने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं इजरायल ने इस मध्यस्थता पर भरोसा करने से साफ इनकार कर दिया है। भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने कहा कि उनका देश ऐसे किसी राष्ट्र पर विश्वास नहीं करेगा, जिसके साथ उसके कूटनीतिक संबंध नहीं हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि इजरायल अपने फैसले स्वतंत्र रूप से लेता है और इस मामले में वह केवल अमेरिका के रुख पर भरोसा करता है। इजरायल के इस कड़े रुख ने क्षेत्रीय कूटनीति की गुत्थी को और अधिक उलझा दिया है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक

स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

सम्पादक

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI NO. UPHIN/2001/09025

प्रबन्धक

अनूप मिश्रा

ऑफिस मो.:

9565333000

Email: akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा